# Queens

डिस्ट्रिक्ट 19–32, 34

प्रारंभिक वोटिंग
17–25 जून

चुनाव का दिन
27 जून

## 2023 प्राथमिक चुनाव

## नगर परिषद

# मतदाता मार्गदर्शिका



अधिक जानकारी पाएं
**hindi.nycvotes.org** पर

NYC VOTES
न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड की एक पहल

# 2023 NYC मतदाता मार्गदर्शिका

**अपने डिस्ट्रिक्ट में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों की सबसे अद्यतन सूची देखने के लिए hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

### मैं कब मतदान करने वाला/वाली हूँ?

- प्राथमिक चुनाव मंगलवार, **27 जून** को है।
- आप शनिवार, **17 जून से** रविवार, **25 जून** तक जल्दी वोट देना सकते/सकती हैं।
- सोमवार, **26 जून** को प्रारंभिक वोटिंग नहीं है।

### मैं किसलिए मतदान कर रहा/रही हूँ?

**पद**

- नगर परिषद
- डिस्ट्रिक्ट एटर्नी
- सिविल कोर्ट

**पार्टी पद**

- न्यायिक सम्मेलन (Judicial Convention) के प्रतिनिधि
- न्यायिक सम्मेलन (Judicial Convention) के वैकल्पिक प्रतिनिधि
- राज्य समिति
- काउंटी समिति
- डिस्ट्रिक्ट नेता

आपके मतपत्र पर विशिष्ट पद इस बात पर निर्भर करते हैं कि आप कहाँ रहते/रहती हैं और कौन से राजनीतिक पक्ष के/की सदस्य/सदस्या हैं। अपना मतपत्र **hindi.nycvotes.org/candidates** पर देखें।

**hindi.nycvotes.org पर और जानें!**

## चुनाव की तिथियाँ और अंतिम तिथियाँ

| | |
|---|---|
| **12 जून** | **अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग की अंतिम तिथि** (ऑनलाइन या डाक द्वारा)<br>*अगर आप डाक द्वारा अपनी अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग भेजते/भेजती हैं, तो चुनाव बोर्ड को यह इस तिथि तक मिल जानी चाहिए। |
| **17 जून** | **मतदाता रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि** |
| **17 जून** | **प्रारंभिक वोटिंग शुरू होता है** |
| **25 जून** | **प्रारंभिक वोटिंग खत्म होता है** |
| **26 जून** | **अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग की अंतिम तिथि** (व्यक्तिगत रूप से चुनाव बोर्ड के कार्यालय में) |
| **27 जून** | **प्राथमिक चुनाव का दिन (सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक)**<br>**आपके अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र पर पोस्टमार्क का अंकन करवाने या उसे मतदान स्थल पर छोड़ने की अंतिम तिथि** |

## विषय सूची


3 मतदान कैसे करें
4 आपके मतदान स्थल पर किस चीज़ की अपेक्षा करें
5 एक मतदाता के रूप में मेरे अधिकार क्या हैं?
6 पहुंच
7 नमूना मतपत्र
8 प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान
10 निर्वाचित अधिकारी क्या करते हैं?
11 नगर परिषद के बारे में
12 मतपत्र पर मौजूद उम्मीदवार
45 NYC Votes के बारे में
46 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
48 चुनाव बोर्ड से संपर्क करें

# मतदान कैसे करें

## मतदान स्थल और मतदान के घंटे

**अपना मतदान स्थल और मतदान के घंटे खोजें:**

- **hindi.nycvotes.org** पर जाएं।
- NYC चुनाव बोर्ड को 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर या TTY 212-487- 5496 पर कॉल करें।

## चुनाव का दिन

मतदान चुनाव का दिन 27 जून को, सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक जारी रहेगा। आपको अपने निर्दिष्ट मतदान स्थल पर मतदान करना होगा।

**मतदान स्थल के स्थान बदल सकते हैं, इसलिए जाने से पहले ज़रूर जाँच लें!**

## प्रारंभिक वोटिंग

**आप चुनाव का दिन से पहले व्यक्तिगत रूप से जल्दी वोट दे सकते हैं!**

**यह जानें**

- आपके पास एक निर्दिष्ट प्रारंभिक वोटिंग स्थल है, जो संभवतः आपके चुनाव का दिन के मतदान स्थल से अलग होगा।
- हर दिन घंटे अलग-अलग होते हैं, इसलिए अपने मतदान स्थल को जाँच लें और जाने से पहले उनके घंटों की पुष्टि कर लें।

**प्रारंभिक वोटिंग की तिथियाँ**

आप शनिवार, 17 जून से रविवार, 25 जून तक जल्दी मतदान कर सकते/सकती हैं।

## डाक द्वारा मतदान

**अगर आपके पास कोई वैध कारण हो जैसे कि चुनाव का दिन न्यूयॉर्क से दूर होना या कोई बीमारी या शारीरिक अक्षमता का होना, तो आप एक अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग कर सकते/सकती हैं।**

**12 जून आपके मतपत्र की ऑनलाइन माँग करने या चुनाव बोर्ड को डाक द्वारा आपकी माँग मिलने की अंतिम तिथि है।**

**अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग केवल तभी करें अगर आपकी डाक द्वारा मतदान करने की योजना हो। अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करने के बाद, अगर आप व्यक्तिगत रूप से मतदान करना चुनें, तो आपको अपने मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र से मतदान करना होगा।**

**अपने अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र का अनुरोध करने का तरीका:**

- **nycabsentee.com** पर जाएं।
- NYC चुनाव बोर्ड को 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर या श्रवण बाधित लोगों के लिए TTY 212-487-5496 पर कॉल करें।
- अपने स्थानीय NYC चुनाव बोर्ड पद में जाएं। व्यक्तिगत रूप से अपनी माँग जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून है।

**अगर आप दृष्टिबाधित हैं या आपको कोई अक्षमता है**

अपना मतपत्र किसी स्क्रीन रीडर द्वारा पढ़ कर सुनाए जाने के लिए आप सुलभ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र **nycabsentee.com/accessibility** पर या ऊपर दिए नंबर पर कॉल करके माँग कर सकते/सकती हैं।

**अपने मतपत्र को ट्रैक करें**

आप NYC चुनाव बोर्ड से अपने मतपत्र को **nycabsentee.com/tracking** पर ट्रैक कर सकते/सकती हैं।

# आपके मतदान स्थल पर क्या अपेक्षा करें

## पहुंचने पर चेकइन करें

जब आप वहाँ प्रवेश करेंगे/करेंगी, तब एक चुनाव कर्मी आपको दिखाएगा कि आपको कहाँ साइन इन करना है। वे रजिस्टर्ड मतदाताओं की एक सूची में आपको खोजेंगे और आपको मतपत्र देने से पहले आपके हस्ताक्षर की जाँच करेंगे।

**प्रो टिप: अगर आपको चुनाव बोर्ड से डाक में फास्ट पास मिला हो, तो तेज़ चेकइन के लिए इसे अपने साथ लाएं!**

*अगर आप कोई पहली बार मतदान करने वाला रहे ऐसे मतदाता न हों, जिसने मतदान के लिए रजिस्टर करते वक्त DMV या सोशल सिक्योरिटी नंबर न दिया हो, तो मतदान करने के लिए आपको पहचान पत्र दिखाने की ज़रूरत नहीं है।

## अपना मतपत्र भरें

अपने मतपत्र को अपनी पसंद के नाम के पास बने अण्डाकार आकृति को पूरा भर कर चिह्नित करें। जब आप नगर परिषद के लिए मतदान करते/करती हैं तो आप सिर्फ एक व्यक्ति को चुनने के बदले पाँच तक चयनों को रैंक दे सकते/सकती हैं।

अगर आप गलती कर दें या अगर आपको अपने मतपत्र के बारे में कोई प्रश्न हो, तो किसी चुनाव कर्मी से मदद माँगें।!

*अपने मतपत्र के दोनों तरफ जाँचना याद रखें, ताकि आप से कुछ छूट न जाए।

## अपना मतपत्र स्कैन करें

एक बार आपने अपना मतपत्र भर लिया हो, तो एक चुनाव कर्मी आपके मतपत्र को स्कैनर में डालने में आपकी मदद करेगा। जब आपका मत अंदर चला जाएगा, तो स्कैनर आपको बताएगा।

## अपना स्टिकर पाएं

अपना स्टिकर ले लें! उसे लगाएं, सब को दिखाएं, और सुनिश्चित करें कि आपके दोस्त और रिश्तेदारों की भी मतदान करने की योजना हो।

# मतदाता के रूप में मेरे क्या अधिकार हैं?

## आम चुनाव में आपको मतदान का अधिकार है अगर:

- आप अपने डिस्ट्रिक्ट में प्राथमिक चुनाव में भाग लेने वाली किसी पार्टी में मतदाता रजिस्टर्ड हों।
- मतदान स्थल के बंद होने के समय से पहले आप वहाँ पर कतार में हों।

## किसी भी चुनाव में, आपको यह अधिकार है:

- अगर आपको भाषा सहायता की ज़रूरत हो, तो किसी चुनाव कर्मी से मदद या अनुवादक की माँग करें। अनुवादक के बारे में अधिक जानकारी के लिए 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर कॉल करें या श्रवण बाधित लोगों के लिए **टीटीवाय** 212-487-5496।
- मतदान में आपकी मदद करने के लिए किसी को साथ लाएं (आपके नियोक्ता या यूनियन प्रतिनिधि को छोड़ कर)।
- अपने साथ इस मतदाता मार्गदर्शिका सहित सामग्री लाएं।
- वोटिंग मशीन खराब हो गई हो, तब भी मतदान करें।
- अगर आपके मतदान स्थल पर आपका नाम सूची में न हो, तो शपथ पत्र मतपत्र द्वारा मतदान करें।
- पहुँचयोग्य मतदान स्थल ऐसा स्थान होता है जहाँ कोई भौतिक अवरोध न हों।
- अपना मतपत्र देना के लिए ऐक्सेसिबल वोटिंग मशीन इस्तेमाल करें।
- आपकी क्षमता या अक्षमता को ध्यान में लिए बगैर मतदान करें।

## छोटे या बड़े अपराध के लिए दोषी पाए गए लोगों के लिए मतदान के अधिकार:

- खराब आचरण (मिसडिमीनर) और उल्लंघन (वायोलेशन) के लिए अपराधी ठहराये जाने से आप को मतदान करने से रोका नहीं जा सकता, आप जेल में सज़ा काट रहे हों तब भी नहीं।
- अगर आप इस वक्त किसी बड़े अपराध के लिए कारावास में हैं, तो आप मतदान के लिए पात्र नहीं हैं। हालाँकि, अगर आपको किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो और आपकी सज़ा निलंबित हो, तो आप मतदान कर सकते हैं।
- अगर आप अपराध के लिए दोषी ठहराए गए हों और जेल से छूट गए हों, तो आप मतदान कर सकते हैं। तथापि, आपको मतदान के लिए रजिस्टर करें करना होगा।
- अगर आप पर संघीय अदालत में अपराध साबित हुआ है या आप किसी अन्य राज्य में अपराधी साबित हो चुके हैं, तब भी आप New York में रजिस्टर कर के मतदान कर सकते हैं।
- अगर आप इस वक्त प्रोबेशन या पेरोल पर हों, तो आप मतदान कर सकते हैं।
- अगर आप इस वक्त खराब आचरण के लिए जेल में हों या मुकद्दमे का इंतज़ार कर रहे हों, तो आप मतदान कर सकते हैं।

## आपको सहायता की ज़रूरत हो तो किससे संपर्क करें:

- अगर आपके मतदान स्थल पर कोई समस्या हो, तो किसी मतदान कर्मी को बताएं या NYC चुनाव बोर्ड से 866-VOTE-NYC (866-868-3692) या **टीटीवाय** 212-487-5496 पर संपर्क करें।
- अगर आपके अधिकारों का उल्लंघन किया गया हो, तो चुनाव संरक्षण हॉटलाइन 866-OUR-VOTE (866-687-8683) पर कॉल करें और एक प्रशिक्षित चुनाव संरक्षण स्वयंसेवक से बात करके निःशुल्क कानूनी सहायता पाएं
- (866) 390-2992 पर कॉल कर के या **ag.ny.gov/election-hotline** पर जा कर अपनी शिकायत को न्यूयॉर्क अटॉर्नी जनरल से साझा करें।

# पहुंच

**न्यूयॉर्क के हर मतदाता को निजी और स्वतंत्र रूप से मतपत्र देना का अधिकार है। यदि आपको अक्षमता या सीमित अंग्रेजी दक्षता के कारण अपना मतपत्र भरने में सहायता की आवश्यकता है, तो सहायता उपलब्ध है।**

## सुलभ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र

अगर आप दृष्टि बाधित हैं या किसी कागज़ी मतपत्र को चिह्नित नहीं कर सकते हैं, तब भी आप डाक से मतदान कर सकते हैं। आप लिए सुलभ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग कर सकते/सकती हैं, जिसे स्क्रीन रीडर द्वारा पढ़ा जा सकता है और कंप्यूटर का इस्तेमाल करके भरा जा सकता है। सुलभ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करने के लिए, यहाँ जाएं: **nycabsentee.com/accessibility** या 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर कॉल करें या श्रवणबाधित लोगों के लिए **टीटीवाय** 212-487-5496।

## भाषा और दुभाषिया सेवाएं

शहर भर के कई मतदान स्थलों पर अनुवादक उपलब्ध हैं। आपको अपने मतपत्र को समझने और भरने में मदद करने के लिए परिवार के सदस्य, दोस्त या अनुवादक सहित किसी व्यक्ति को अपने साथ रखने का अधिकार है।

कौन से मतदान स्थल अनुवादक प्रदान करते हैं, यह जानने के लिए **hindi.nycvotes.org/accessibility** पर जाएं। आप 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर भी कॉल कर सकते हैं।

## बैलट मार्किंग डिवाइस


**अंध, दृष्टिबाधित या फिर ऐसी अक्षमता या स्थिति वाले मतदाता, जिनके लिए पेन से मतपत्र को चिह्नित करना मुश्किल या असंभव हो, उनके सहित, मतदाताओं को बेहतर पहुंच देने के लिए मतदान स्थलों पर मतपत्र के लिए मार्किंग डिवाइस या बैलट मार्किंग डिवाइस (BMD) उपलब्ध हैं।**

अगर आप एक BMD इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो चुनाव कर्मी से कहें! आप इसे मतपत्र को एक स्क्रीन पर देखने के लिए, उसे अतिरिक्त भाषाओं में अनुवादित करने के लिए, या अपने चयनों को हेडफोन से सुनने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

## डिवाइस आपके मतपत्र को चिह्नित करने के चार तरीके प्रदान करता है:



**टच स्क्रीन**



**कीपैड (ब्रेल)**



**सिप एंड पफ डिवाइस**



**रॉकर पैडल**

- आप टेक्स्ट को बड़ा करने के लिए "ZOOM IN" (ज़ूम इन) कर सकते हैं, टेक्स्ट को फिर मूल साइज़ पर लाने के लिए "ZOOM OUT" (ज़ूम आउट) या फिर मतपत्र को काली पृष्ठ भूमि में सफेद लिखावट में दिखाने के लिए "HIGH CONTRAST" (हाई कंट्रास्ट) चुन सकते हैं।
- आप हेडफोन्स पर ऑडियो को दोहरा सकते हैं या फिर उसकी गति और वोल्यूम को समायोजित कर सकते हैं।
- याद रखिए! जब तक आप अपने चिह्नित मतपत्र को स्कैनर में डाल कर अपना मत नहीं देना हैं, आपके चयन अंतिम नहीं हैं।
- अगर आपको अपना मतपत्र स्कैनर में डालने में सहायता की ज़रूरत हो, तो चुनाव कर्मी आपकी मदद करेगा।

# प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान के लिए मतपत्र का नमूना

नीचे दिया नमूना मतपत्र केवल देखने के लिए है। यह आपका वास्तविक मतपत्र नहीं है और इसे भरना आपके मत के रूप में नहीं गिना जाएगा।

| Rank up to 5 choices<br>Mark no more than 1 oval in each column<br>Clasifique hasta 5 opciones<br>Marque no más de un óvalo en cada columna | | Choice Opción 1st | Choice Opción 2nd | Choice Opción 3rd | Choice Opción 4th | Choice Opción 5th |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Candidate A**<br>Party Name | A | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **Candidate B**<br>Party Name | B | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **Candidate C**<br>Party Name | C | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **Candidate D**<br>Party Name | D | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **Candidate E**<br>Party Name | E | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **Candidate F**<br>Party Name | F | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **Candidate G**<br>Party Name | G | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **Candidate H**<br>Party Name | H | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **Candidate I**<br>Party Name | I | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **Candidate J**<br>Party Name | J | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| Write-in<br>candidato por escrito | | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

## मेरे शीर्ष चयन

कृपया इस पृष्ठ को नगर परिषद के लिए अपनी शीर्ष पसंद सूचीबद्ध करने के लिए इस्तेमाल करें। आप अपना मतपत्र भरते वक्त संदर्भ के रूप में देखने के लिए इसे अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ला सकते हैं।

### नगर परिषद

| |
|---|
| 1ला |
| 2रा |
| 3रा |
| 4था |
| 5वाँ |

**याद दिला दें! आपकी पार्टी और आप जहाँ रहते हैं उसके आधार पर आपके मतपत्र पर अतिरिक्त पद हो सकते हैं।**

आप चुनाव बोर्ड से मतपत्र के नमूने का प्रीव्यू **findmypollsite.vote.nyc** पर देख सकते हैं।

# प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान

NYC प्राथमिक चुनावों और नगर के पदों के लिए खास चुनावों के लिए **प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान** का इस्तेमाल करता है। प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान से आप केवल एक उम्मीदवार को चुनने के बजाए, अपनी पसंद के क्रम में पाँच तक उम्मीदवारों को रैंक दे सकते हैं। इससे आप किसका चुनाव होगा इसमें अधिक राय दे पाएंगे और इससे अधिक विविधतापूर्ण उम्मीदवारों के जीतने की संभावना बढ़ जाती है।

### हम प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का उपयोग क्यों कर रहे हैं?

न्यूयॉर्क निवासियों नें 2019 के एक मतपत्र उपाय में प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान को इस्तेमाल करना चुना है। यह 73.5% समर्थन से पारित हो गया था।

### प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान से मैं कौन से पदों के लिए मतदान करूँगा/करूँगी?


आप इस जून में नगर परिषद के लिए प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का इस्तेमाल करेंगे/करेंगी। हालाँकि, आपके मतपत्र पर अन्य पद भी होंगे, जैसे न्यायाधीश, जो कि प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का इस्तेमाल नहीं करेंगे, क्योंकि ये नगर के पद नहीं हैं।

## मैं प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान से अपना मतपत्र कैसे भरूँ?


**1** अपनी पहली पसंद के उम्मीदवार को चुनें और 1ले कॉलम में उनके नाम के पास दिए अण्डाकार को पूरा भर दें।

**2** अगर आपकी कोई दूसरी पसंद हो उम्मीदवार, तो उनके नाम के सामने 2रे कॉलम में दिए अण्डाकार को भरें।


**3** आप 5 तक उम्मीदवारों को रैंक दे सकते/सकती हैं। तथापि, आप अब भी केवल एक उम्मीदवार के लिए भी मतदान कर सकते/सकती हैं। अन्य उम्मीदवारों को रैंक देने से आपकी पहली पसंद को नुकसान नहीं पहुँचता है।




नमूना मतपत्र पर प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का अभ्यास करने के लिए **hindi.nycvotes.org/rcv-ballot** पर जाएं।




एकाधिक उम्मीदवारों के एक ही रैंकिंग **न** दें। अगर आप एक से अधिक उम्मीदवारों को अपनी पहली पसंद के रूप में चुनें, तो **आपका मतपत्र वैध नहीं रहेगा**।





एक ही उम्मीदवार को एक से ज्यादा रैंक **न** दें। अगर आप ऐसा करेंगे/करेंगी, तो आपने उनको दी गई सबसे बड़ी रैंकिंग ही गिनती में ली जाएगी।


# मेरे प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतपत्र की गिनती कैसे की जाएगी?

प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान के बारे में अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 47 पर प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न देखें या **hindi.nycvotes.org/rcv** पर जाएं।


**अगर किसी उम्मीदवार को पहली पसंद के रूप में 50% से अधिक मत नहीं मिलते हैं, तो गिनती राउंड में जारी रहेगी।**





**अगर किसी उम्मीदवार को पहली पसंद के रूप में 50% से अधिक मत मिल जाते हैं, तो वह चुनाव जीत जाते हैं।**




**हरेक राउंड में, सबसे कम वोट पाने वाले उम्मीदवार को हटा दिया जाता है। अगर आपके टॉप पसंद वाले उम्मीदवार को हटा दिया जाता है, तो आपका मत आपके मतपत्र पर दूसरे सबसे उच्च क्रम पर रैंक किए गए उम्मीदवार को जाता है।**




**यह प्रक्रिया तब तक जारी रहती है जब तक केवल 2 उम्मीदवार न बचें।**




## जिन्हें बहुमति मत मिलते हैं वह उम्मीदवार जीत जाता है!

# निर्वाचित अधिकारी क्या करते हैं?

हमारे निर्वाचित अधिकारी हररोज़ ऐसे निर्णय लेते हैं, जो नौकरियों, हाउसिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अधिक को प्रभावित करते हैं। अपने मतपत्र पर मौजूद पदों के बारे में और जानें।

**अपने डिस्ट्रिक्ट में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों की सबसे अद्यतन सूची देखने के लिए hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

## नगर के पद

### नगर परिषद

नगर परिषद न्यूयॉर्क सिटी की सरकार की विधेयक या कानून बनाने वाली शाखा है। इसके 51 सदस्य हैं। परिषद सदस्य आम तौर पर 4 साल तक सेवा करते हैं (लगातार 2 अवधियों तक)।

- 2020 की जनगणना के बाद, नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट का आबादी में हुए परिवर्तनों के समायोजन के लिए पुनर्गठन किया गया था। इस प्रक्रिया के कारण, इस बार निर्वाचित परिषद सदस्य नव-निर्मित डिस्ट्रिक्ट्स में 2 सालों की अवधि तक सेवा करेंगे। 2025 में फिर से 4 सालों की अवधि हो जाएगी।
- विधेयकों को प्रस्तुत करना और उन पर मतदान करना।
- शहर के बजट के बारे में चर्चा करना और उसे स्वीकृति देना।
- शहर की एजेन्सियों की देखरेख करना।
- हमारे शहर की वृद्धि और विकास के बारे में निर्णय लेना।
- अपने संघटक के लिए सहायता प्रदान करना।

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

## काउंटी पद

### ज़िला अधिवक्ता

ज़िला अधिवक्ता अपनी काउंटी का सब से बड़ा वकील होता है। वह 4 सालों तक सेवा करते हैं। अवधि की कोई सीमा नहीं है।

- किन मामलों में मुकद्दमा चलाना है (और किनमें नहीं) यह निर्णय लेना।
- सभी आपराधिक मुकद्दमों की देखरेख करना।
- आपराधिक व्यवहार की जाँच करना और उस पर मुकद्दमा चलाना।

## न्यायाधीश

### सिविल कोर्ट (Civil Court) – काउंटी और डिस्ट्रिक्ट

सिविल कोर्ट के न्यायधीश काउंटी या डिस्ट्रिक्ट का प्रतनिधित्व कर सकते हैं, इसलिए हो सकता है कि आप अपने मतपत्र पर एक से ज्यादा सिविल कोर्ट न्यायाधीश को देखें। न्यायाधीशों को 10 साल की अवधि के लिए निर्वाचित किया जाता है और वे इसके सहित मामलों की सुनवाई करते हैं:

- $ 50,000 तक के नागरिक मामले।
- मकान मालिक किरायेदारों के मामले और हाउसिंग मानकों के रखरखाव से जुड़े मामले।
- दुर्व्यवहार पर आपराधिक मुकद्दमा।

## पार्टी पद

ये सरकारी पद नहीं हैं, लेकिन स्थानीय राजनैतिक दलों में नेतृत्व के पद होते हैं। कृपया नोट करें कि नीचे दिए हर पद के विशेष कर्तव्य आपके राजनैतिक पक्ष और आप जहाँ रहते हैं उसके आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं। आपकी पार्टी के आधार पर, आपके मतपत्र एकाधिक पार्टी पद हो सकते हैं, जो लिंग द्वारा विभाजित हो सकते है, जिससे लैंगिक समानता को प्रोत्साहन देने में सहायता मिले।

### न्यायिक सम्मेलन (Judicial Convention) के प्रतिनिधि

न्यायिक सम्मेलन (Judicial Convention) के प्रतिनिधि सुप्रीम कोर्ट के लिए अपनी पार्टी के प्रत्याशी चुनते हैं। आप कितने प्रतिनिधियों के लिए मतदान कर पाएंगे, यह आपके असेम्बली डिस्ट्रिक्ट के आधार पर तय होता है। आपका मतपत्र आपको बताएगा कि आप कितने प्रतिनिधि चुन सकते हैं।

- अपनी पार्टी के न्यायिक सम्मेलन में उपस्थित रहना।
- सामान्य चुनाव में स्टेट के सुप्रीम कोर्ट (State Supreme Court) के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को चुनता है।
- अगर प्रतिनिधि सेवा करने में असमर्थ हों तो वैकल्पिक प्रतिनिधि चुने जाते हैं (बिल्कुल वैसे ही जैसे ज्यूरी में वैकल्पिक प्रतिनिधि चुने जाते हैं)।

### राज्य समिति सदस्य

राज्य समिति सदस्य अपने असेम्बली डिस्ट्रिक्ट का राज्य के राजनीतिक पक्षों में प्रतिनिधित्व करते हैं। समिति के सदस्य दो साल की अवधि तक सेवा देते हैं।

- अपनी स्टेट स्तरीय पार्टी के सम्मेलन और वार्षिक मीटिंगों में उपस्थित रहते हैं।
- अपनी कम्युनिटी, स्थानीय निर्वाचित अधिकारी, शहर की सरकार और राजनीतिक उम्मीदवारों के बीच संपर्क के रूप में काम करते हैं।

### काउंटी कमिटी के सदस्य

काउंटी समिति के सदस्य अपने रानजीतिक पक्ष के लिए काउंटी नेता और राज्य के खास चुनावों के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को चुनते हैं।

- राज्य के विशेष चुनावों के लिए पार्टी उम्मीदवारों को चुनते हैं।
- काउंटी नेताओं को उनके राजनीतिक पार्टी के लिए मत देते हैं।
- काउंटी पार्टी के बजट और अन्य आंतरिक नीतियों को स्वीकृति देते हैं।

### डिस्ट्रिक्ट नेता

डिस्ट्रिक्ट नेता हरेक काउंटी में राजनीतिक पक्षों को चलाने में मदद करते हैं। डिस्ट्रिक्ट नेताओं का कार्यकाल दो साल का होता है।


- मतदान कर्मियों का नामांकन करने के लिए शहर के चुनाव बोर्ड (Board of Elections) के साथ मिलकर काम करते हैं।
- सिविल और सुप्रीम कोर्ट के लिए न्यायाधीश पदों के लिए उम्मीदवारों को नामांकित करते हैं।
- अपनी पार्टी के नेतृत्व और नियमों के लिए मतदान करते हैं।

## न्यूयॉर्क नगर परिषद नक्शा

- NYC के 51 नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट हैं
- हरेक डिस्ट्रिक्ट में ~170,000 मतदाता रहते हैं
- नगर परिषद NYC के ~$100 बिलियन के बजट को स्वीकृति देती है

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें**

**findmypollsite.vote.nyc**




## नगर परिषद सदस्य की ज़िंदगी में एक दिन

**नगर परिषद सदस्य आपके लिए क्या करते हैं?**

- हाउसिंग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा और अधिक मुद्दों के बारे में विधेयक बनाना और उन पर मतदान करना। परिषद सदस्य बढ़ती आयु से लेकर युवाओं के लिए सेवाओं तक के विषयों पर समितियों का हिस्सा भी बन सकते हैं।
- मेयर के साथ काम कर के शहर का ~$100 बिलियन का बजट बनाना और उसे स्वीकृति देना। प्रत्येक परिषद सदस्य अपने डिस्ट्रिक्ट में स्कूल बनाने और सुधार करने के लिए ~$5 मिलियन के बजट का प्रबंधन भी करता है और लाभ-निरपेक्ष संस्थानों की सहायता के लिए उनके पास ~$500,000 का अतिरिक्त बजट होता है।
- न्यूयॉर्क निवासियों को सेवा प्रदान करने वाली नगर की एजेन्सियों की देखरेख करना जिसमें न्यूयॉर्क शहर पुलिस विभाग और न्यूयॉर्क शहर शिक्षा विभाग भी शामिल हैं।
- पूरे शहर में निर्माण और ज़मीन के इस्तेमाल को निर्धारित करना, जिसमें संपत्ति के मालिकों के लिए ज़ोनिंग की देखरेख, सीमाचिह्न रूप स्थानों का संरक्षण और शहर की ज़मीन और सार्वजनिक सुविधाओं का प्रबंधन शामिल हैं।
- आपके जैसे संघटक की सहायता करना। परिषद सदस्य और उनके पद आपकी टैक्स प्रेपरेशन, किफायती हाउसिंग, पेड़ लगाना, गंदे फुटपाथ, सड़कों पर गड्ढे, पैदल चलने वालों की सुरक्षा और अधिक चीज़ों में आपकी मदद कर सकते हैं। अगर आपको सहायता की ज़रूरत हो, तो अपने परिषद सदस्य से संपर्क करें!

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 19

**डैमोक्रेटिक**

- टोनी अवेला
- क्रिस्टोफर बे
- पॉल डी ग्राज़िआनो

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 45 पर और जानें।**

**उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## टोनी अवेला

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. नफरत के अपराधों सहित अपराध को कम करना
2. एक-दो पारिवारिक घरों को बचाना
3. कॉलेज पॉइंट की सड़कों को तत्काल फिर से पक्का करना

*"शहर/राज्य सरकार में मेरा पहले का अनुभव, सामुदायिक सक्रियतावाद और नॉर्थईस्ट क्वीन्स के बारे में मेरा ज्ञान मुझे "पहले दिन" हमारी बिगड़ती हुई जीवन की गुणवत्ता को पुनर्स्थापित करने, छोटे व्यवसायों की सहायता करने और सब से महत्वपूर्ण बात, पुलिस की सहायता करके अपराध को कम करने में सक्षम बनाएगा। मैं SHSAT को रखने, गिफ्टेड एंड टेलेटन्टेड प्रोग्रामों को बढ़ाने, स्कूल के बाद के कार्यक्रमों का वित्तपोषण करने, वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रमों को विस्तारित करने और नये सीनियर सेंटर स्थापित करने के लिए लड़ूँगा। क्वीन्स डैमोक्रेटिक पार्टी, राज्य के सेनेटर टोबी स्टाविस्की और असेम्बली सदस्य एड ब्राउन्स्टीन और डेविड वेप्रिन मेरा समर्थन कर रहे हैं।"*

**वर्तमान पेशा:** सेवा निवृत्त

**पहले के पेशे:** राज्य सेनेटर (2010-2018)

**शिक्षा:** BA हंटर कॉलेज पोलिटिकल सायंस

**संगठनों से संबद्धता:** सदस्य; नाइट्स ऑफ कोलम्बस; नाइट्स ऑफ पायथियास; मेसन्स

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** नगर परिषद सदस्य, ज़ोनिंग चेयर (2001-2009), मेयर कॉख और मेयर डिंकिन्स के सहायक

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## क्रिस्टोफर बे ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. अपराध की रोकथाम
2. सार्वजनिक सुरक्षा
3. हमारी स्कूलों को बेहतर बनाना

***"क्वीन्स के मूल निवासी के रूप में मुझे क्वीन्स में एक केरियर प्रोसीक्यूटर के रूप में काम करने का खास मौका मिला जहाँ मैंने हिंसक बड़े अपराधों के खिलाफ कार्रवाई की और पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों के लिए लड़ा। पहली पीढ़ी के कोरियाई अमेरिकन और एक शिक्षक और यूनियन सदस्य के बेटे के रूप में बड़ा हुआ होने के कारण मैं जानता हूँ कि कामगार परिवारों के लिए उपयुक्त प्रतिनिधित्व कितना महत्वपूर्ण है। मैं सभी के लिए एक अधिक सुरक्षित और अधिक शक्तिशाली क्वीन्स डिलीवर करने के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ।"***

**वर्तमान पेशा:** फुल टाइम उम्मीदवार

**पहले के पेशे:** सहायक ज़िला अधिवक्ता, क्वीन्स DA

**शिक्षा:** SUNY बिंघैम्टन, CUNY लॉ स्कूल

**संगठनों से संबद्धता:** बोर्ड सदस्य, एशियाई अमेरिकन बार असोसिएशन ऑफ़ न्यूयॉर्क, बोर्ड सदस्य, कोरियाई अमेरिकन लॉयर्स असोसिएशन ऑफ़ ग्रेटर न्यूयॉर्क, नेशनल एशियन पैसिफिक आइलैंडर प्रोसिक्यूटर्स असोसिएशन के सदस्य

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** क्वीन्स के आप्रवासी मामलों के DA कार्यालय के सामुदायिक संपर्क

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## पॉल डी ग्राज़िआनो ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. हमारे लो-डेन्सिटी ज़ोनिंग की रक्षा करना
2. अपराध/सार्वजनिक सुरक्षा
3. शैक्षिक चुनौतियाँ और अवसर

***"सब कुछ हमारे घर से ही शुरू होता है। अगर हमारे पासपड़ोस खराब होते हैं, तो बाकी से कोई फर्क नहीं पड़ता।"***

***2022 में, गवर्नर केथी होचल ने राज्य भर में हमारे 1-परिवार वाले पास-पड़ोस को नष्ट कर के NYC में सभी गैरकानूनी परिवर्तनों को सामुहिक क्षमा देने की कोशिश की - और वह ऐसा करने की फिर से कोशिश करेगी।***

***इस लड़ाई में राज्य भर के नेता के रूप में मैंने उन्हें तब रोका था - और मैं उन्हें अब रोकूँगा।***

***30 सालों से में NE क्वीन्स में हमारे क्षेत्रों का संरक्षण कर रहा हूँ। मैं हमेशा हमारे जीवन की गुणवत्ता और संपत्ति के मूल्य को बनाए रखने के लिए लड़ूँगा।"***

**वर्तमान पेशा:** शहरी आयोजन/ज़मीन का इस्तेमाल/ऐतिहासिक परिरक्षण परामर्शक

**पहले के पेशे:** वही

**शिक्षा:** MS अर्बन अफेयर्स, हंटर कॉलेज/BA कम्पेरेटिव लिट्रेचर, UMASS/Bx HS ऑफ सायंस

**संगठनों से संबद्धता:** नॉर्थईस्ट क्वीन्स में एकाधिक सिविक/घर मालिक संघ

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** दर्जनों संगठनों/एकाधिक निर्वाचित अधिकारी के परामर्शक

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | टोनी अवेला ✓<br>डैमोक्रेटिक | क्रिस्टोफर बे ✓<br>डैमोक्रेटिक |
|---|---|---|
| **अपराध** | मैं पुलिस का समर्थन करता हूँ और NYPD के निधीयन को समाप्त करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ मतदान करूँगा। मैं नॉर्थईस्ट क्वीन्स में एक नये पुलिस प्रीसिंक्ट की रचना का और बढ़े हुए एशियन-विरोधी, यहूदी-विरोधी और LGBTQ+ विरोधी हमलों को संबोधित करने के लिए नफरत के अपराधों के लिए जुर्माने को दुगुना करने का समर्थन करता हूँ। | क्वीन्स में प्रोसीक्यूटर के रूप में मैं पिछले सात सालों में हरेक दिन अपराध से पीड़ित व्यक्तियों के लिए लड़ा हूँ। कानून का लागू किया जाना हमारे समुदाय के सदस्यों का हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में विश्वास बना रहे इसके लिए और बुरा काम करने वालों को अपराध करने से नाहिंमत करने के लिए आवश्यक है। |
| **महँगाई** | निवासियों को महँगाई से निपटने में सहायता करने के लिए मैं गैसोलीन कर, मकान मालि/कॉन्डो/को-ऑप प्रॉपर्टी टेक्स और छोटे व्यवसाय करों में घटाव का समर्थन करता हूँ, बचत को उपभोक्ताओं को हस्तांतरित किया जाएगा। मैं प्रिस्क्रिप्शन से मिलने वाली दवाओं की ऊँची लागत को कम करने के लिए सहायता कार्यक्रम की रचना का भी समर्थन करता हूँ। | कामगार वर्ग के परिवार हमारे समुदाय का बड़ा सहारा हैं, और बढ़ती हुई महँगाई ने परिवारों के लिए गुज़ारा करना मुश्किल कर दिया है। हमारे नेताओं को साथ मिलकर महँगाई से लड़ने के लिए काम करना चाहिए ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे बच्चे भूखे न रहें या यह कि अपने घर का सपना सिर्फ सपना न रहे। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | मतदान प्रणाली/चुनाव अधिकारियों को राजनैतिक हस्तक्षेप से सुरक्षित रखना हमारे लोकतंत्र को बनाए रखने की कुँजी है। मताधिकार का रक्षण करना/मतदान को अधिक आसान बनाना भी अतिमहत्वपूर्ण है। मतदाता को डराने को रोकने के लिए मैं चुनाव का दिन चुनाव स्थल पर अभियान चलाने पर प्रतिबंध लगाने के भी हक में हूँ। | राजनीतिक प्रक्रिया में प्रामाणिकता की कमी रही है। जब अयोग्य उम्मीदवार सार्वजनिक पद संभालने के लिए झूठ का इस्तेमाल करते हैं और जब हमारे निर्वाचित अधिकारी उन उम्मीदवार का समर्थन करते हैं, तब हमारे समुदाय राजनीतिक प्रक्रिया में विश्वास खो देते हैं। मैं लोकतंत्र का पुनर्स्थापन करने के लिए नई, समझदार आवाज़ हूँ। |

## पॉल डी ग्राज़िआनो ✓

डैमोक्रेटिक

अपराध/सार्वजनिक सुरक्षा 19वे CD में 3 शीर्ष समस्याओं में से एक है। हमारा शहर महामारी से पहले था उससे कम सुरक्षित है और अपराध और भी खुल्लम खुल्ला, लक्षित और नफरत भरे होते जा रहे हैं। हमें और पुलिस की ज़रूरत है और मैं 109 को दो नई प्रीसिंक्ट में विभाजित करने का समर्थन करता हूँ।

पिछले साल में महँगाई 40 वर्षों में सब से अधिक स्तर पर पहुँच गई है और निम्न-आय वाले परिवारों को नुकसान पहुँचा रही है। NYC में इसका मतलब है वर्तमान $15/घंटा न्यूनतम वेतन (2019 से यही है) की खरीदारी क्षमता में कमी। ज़रूरतमंदों की मदद करने के लिए मेरा समाधान है न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी को महँगाई के साथ जोड़ना।

मेरी पत्नी एल्ज़ाबिएटा पोलैंड में साम्यवाद में बड़ी हुई थी और उसने मेरे सामने वर्णन किया है कि एक तानाशाह शासन में जीना कैसा था। जहाँ हमारा लोकतंत्र लचीला है, हमने हाल ही में देखा है कि यह नाजुक भी है। हमें *हमेशा* सत्ता का शांतिपूर्ण स्थानांतरण सुनिश्चित करना होगा।

# प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का अभ्यास करें

**हमारे ऑनलाइन मतपत्र का अभ्यास पर अपने चयनों को रैंक देने का प्रयास करें! हम आपको बताएंगे कि आपने मतपत्र ठीक से भरा है या नहीं और अगर आप से गलती हो तो उसे कैसे ठीक किया जा सकता है।**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/practice-ballot पर जाएं**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 20

**रिपब्लिकन**

- जिन लिआंग डेनी चेन ✓
- यू-चिंग जेम्स पै ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 45 पर और जानें।**

**उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## जिन लिआंग डेनी चेन ✓

रिपब्लिकन

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सामुदायिक सुरक्षा
2. पुलिस कवरेज और निधीयन बढ़ाना
3. ट्रैफिक जाम घटाना

*"मैं हमारे समुदाय के लिए लड़ता रहा हूँ और उसकी वकालत करता रहा हूँ। SHSAT के संरक्षण के लिए लड़ने से ले कर कॉलेज पॉइंट में अयोग्य रूप से प्लान किए आश्रय स्थान को बदलने के लिए काम करने तक मैं लोगों का पक्ष लेने और हमारे समुदाय के मूल्यों और जीवन की गुणवत्ता का रक्षण करने के लिए मौजूद रहा हूँ। मैं नगर परिषद में आपके प्रतिनिधि के रूप में इस समुदाय के लोगों के लिए लड़ना जारी रखूँगा।"*

**वर्तमान पेशा:** डायरेक्टर ऑफ एशियन मार्केटिंग - प्रोहेल्थ सल्यूशंस

**पहले के पेशे:** लागू नहीं होता

**शिक्षा:** लागू नहीं होता

**संगठनों से संबद्धता:** चाइनीज़ अमेरिक अलायंस ऑफ यूएसए के संस्थापक, कॉलेज पॉइंट रेसिडेंट्स कोएलिशन के संस्थापक

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** कॉलेज पॉइंट NY में जेंडर शेल्टर कन्वरज़न के सेटअप को सुगम बनाया

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन



## यू-चिंग जेम्स पै ✓

रिपब्लिकन

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा
2. छोटे व्यवसायों का समर्थन करना
3. शिक्षा

***"चलिए छोटे व्यवसायों की सहायता और समर्थन करें और मेहनती लोगों और परिवार जो यहाँ रहते और काम करते हैं उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाएं। सार्वजनिक सुरक्षा एक बड़ी चिंता है। हमारे बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेष हाइस्कूलों और गिफ्टेड और टेलेन्टेड प्रोग्रामों के द्वारा अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करने का अधिकार है। हमें परिवर्तन की ज़रूरत है, और परिवर्तन आएगा, में यह मौका दें, मेरे अभियान का समर्थन करें और मुझे वोट दें। "परिवर्तन आपकी ओर आ रहा है।"***

**वर्तमान पेशा:** स्व-नियोजित सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटंट

**पहले के पेशे:** CPA फर्म में अकाउंटंट

**शिक्षा:** स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क - अल्बेनी (अकाउंटिंग में BS) - 1996

**संगठनों से संबद्धता:** फ्लशिंग सेंट्रल लायंस क्लब, ताइवानीज़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स ऑफ न्यूयॉर्क इंक, चाइनीज़ अमेरिकन सोसायटी ऑफ CPAs

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** कोई नहीं

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन


# NYC Votes को फ़ॉलो करें

**आप चुनाव संबंधी सभी नवीनतम अपडेट्स के लिए NYC Votes को फ़ॉलो कर सकते हैं!**

**@nycvotes**

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | जिन लिआंग "डेनी" चेन ✓<br>रिपब्लिकन | यू-चिंग जेम्स पै ✓<br>रिपब्लिकन |
|---|---|---|
| **अपराध** | निधीयन बढ़ा कर, सड़कों पर और पुलिस ला कर, और प्रतिक्रिया का समय कम करने के लिए सैटलाइट प्रीसिंक्ट स्टेशन स्थापित कर के अपराध को कम करना। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |
| **महँगाई** | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | लोगों की बेहतर आवाज़ पाने के लिए मतदाताओं का जनसाँख्यिकीय कवरेज बेहतर बना कर लोकतंत्र की रक्षा करना। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |

# उम्मीदवारों के वीडियो देखें

हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं और उम्मीदवारों के बारे में और अधिक जानें! आपके मतपत्र पर कौनसे उम्मीदवार होंगे यह देखने के लिए अपना पता दर्ज करें और फिर उम्मीदवार का वीडियो देखने के लिए उसकी प्रोफ़ाइल पर जाएं।

यहाँ स्कैन करें या
**hindi.nycvotes.org/candidates** पर जाएं।

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 21

**डैमोक्रेटिक**

- हिराम मोन्सेराट* ✓
- फ्रान्सिस्को पी मोया ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 45 पर और जानें।**

**उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

* उम्मीदवार ने इस मुद्रित मतदाता मार्गदर्शिका में शामिल करने के लिए समय पर एक पूरा प्रोफ़ाइल जमा नहीं किया।

---



## फ्रान्सिस्को पी मोया ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. किफायती हाउसिंग
2. स्कूलों का निधीयन
3. कामगारों का संरक्षण करना

*"2018 से मुझे नगर परिषद में ईस्ट एल्महर्स्ट, लफ्राक सिटी और कोरोना का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला है। मैंने कामगार न्यूयॉर्क निवासियों के लिए संघर्ष किया है, आप्रवासियों के लिए वकालत की है, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवाज़ उठाई है और सार्वजनिक स्कूलों को कई बिलीयन उपलब्ध कराए हैं। मुझे हमारे समुदाय में हज़ारों किफायती हाउसिंग इकाइयाँ, नये स्कूल, एक सीनियर सेंटर और अच्छे वेतन वाली नौकरियाँ प्रदान करने में गर्व महसूस हो रहा है। मैं हमारी सड़कों को और सुरक्षित बनाने वाले संसाधनों में निवेश कर रहा हूँ। हमें अनुभवी और समर्पित नेतृत्व की ज़रूरत है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि हम सब की बात को सुना जा रहा है।"*

**वर्तमान पेशा:** NYC परिषद सदस्य, डिस्ट्रिक्ट 21

**पहले के पेशे:** NY स्टेट असेम्बली सदस्य; सरकारी संबंध

**शिक्षा:** BA, सेंट जॉन्स यूनिवर्सिटी, नेशनल अर्बन फेलो, MPA बारुक कॉलेज

**संगठनों से संबद्धता:** कोरोना लायंस क्लब; सेंट लीओज़ गोल्डन एज क्लब

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** NY स्टेट असेम्बली सदस्य; डैमोक्रेटिक डिस्ट्रिक्ट नेता

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | **हिराम मोन्सेराट*** ✓<br>डैमोक्रेटिक | **फ्रान्सिस्को पी मोया** ✓<br>डैमोक्रेटिक |
|---|---|---|
| **अपराध** | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। | हमारे समुदाय को सुरक्षित करना एक शीर्ष प्राथमिकता है। हमें युवाओं को गैंग में जुड़ने से रोकने, लत और मानसिक स्वास्थ्य महामारी का उपचार करने, और कानून प्रवर्तन और हमारे समुदाय के बीच विश्वास का निर्माण करने और साथ ही उन्हें जवाबदेह बनाने वाले प्रोग्रामों में निवेश करने की ज़रूरत है। |
| **महँगाई** | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। | हम सभी किराने की दुकान में महँगाई की वास्तविकता को देखते हैं। कीमतें बढ़ती हैं, वेतन उतना ही रहता है। हमें उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से बचाना होगा - इसलिए मैं ने डिलीवरी ऐप्स के साथ झगड़ा मोल लिया और वे जितना शुल्क ले सकते हैं उस पर एक सीमा बाँध दी, ताकि औसत न्यूयॉर्क निवासी को लूटा न जाए। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। | हमें सरकार तक पहुँच और उसमें सहभागिता बढ़ाने की ज़रूरत है। एक तरीका है मतदान पहुँच को बढ़ाना। मुझे म्युनिसिपल मतदान कानून का प्रायोजन करने में गर्व था जो कि न्यूयॉर्क शहर के चुनावों में गैर-नागरिकों को मतदान करने देता है। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 22

**डैमोक्रेटिक**

- टिफानी एल काबान ✓
- चार्ल्स कैस्ट्रो* ✓

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 45 पर और जानें।**

**उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

* उम्मीदवार ने इस मुद्रित मतदाता मार्गदर्शिका में शामिल करने के लिए समय पर एक पूरा प्रोफ़ाइल जमा नहीं किया।



## टिफानी एल काबान ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. साक्ष्य आधारित सार्वजनिक सुरक्षा कार्यनीतियाँ
2. पैदल चलने वालों/साइकिल वालों के लिए अनुकूल सड़कें
3. स्थायी रूप से किफायती हाउसिंग

*"पब्लिक डिफेन्डर के रूप में उनके वर्षों के दौरान, टिफानी ने जिनके पक्ष में और कोई न हो ऐसे न्यूयॉर्क निवासियों के लिए संघर्ष किया। अब वह सभी डिस्ट्रिक्ट 22 निवासियों की सेवा करती हैं। अपनी पहली टर्म के दौरान वह डिस्ट्रिक्ट में बढ़ा हुआ कचरा उठाना, सड़कों की सुरक्षआ में सुधार और सब वे में अपग्रेड्स लाईं, 300 से अधिक किफायती हाउसिंग की इकाइयों और एक नये वॉटरफ्रंट पार्क की स्वीकृति दी और सात प्रभावी विधेयक पारित किए। वह परिषद के LGBTQIA+ कॉकस की कोचेयर हैं।"*

**वर्तमान पेशा:** NYC परिषद सदस्या

**पहले के पेशे:** सीनीयर स्ट्रैटेजीइस्ट, वर्किंग फैमिलीज़ पार्टी; पब्लिक डिफेन्डर, लीगल एड सोसायटी एंड NY Co. डिफेन्डर सर्विसिस

**शिक्षा:** NY लॉ स्कूल, JD. पेन स्टेट, BA. सेंट फ्रांसिस प्रेप, JHS210, PS62

**संगठनों से संबद्धता:** वर्किंग फैमिलीज़ पार्टी, लोकल प्रोग्रेस, डैमोक्रेटिक सोशलसिट्स ऑफ अमेरिका, मिजेन्ते, LGBT, NYC और पुअर्टो रिकन बार असोसिएशन।

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** NYC परिषद सदस्य

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | टिफानी एल काबान ✓<br>डैमोक्रेटिक | चार्ल्स कैस्ट्रो* ✓<br>डैमोक्रेटिक |
|---|---|---|
| **अपराध** | हमें उन चीज़ों में निवेश करना होगा, जो हम जानते हैं कि हिंसा को घटाने में काम करती हैं: किफायती हाउसिंग, अच्छी नौकरियाँ, बहुत सी मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, और साबित हुए हिंसा की रोकथाम के कार्यक्रम। अब विफल पुलिसिंग और जेलबंदी की व्यूहरचनाओं को छोड़ने का वक्त है जो बस दर्द और अपराधीकरण को ही बनाए रखती हैं। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |
| **महँगाई** | मैंने कॉनएड द्वारा दरों में बढ़ोतरी और किराया दिशानिर्देश बोर्ड द्वारा बढ़ोतरी के खिलाफ ज़ोरदार विरोध किया है। कामगार वर्ग के न्यूयॉर्क निवासी गुज़ारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. उन पर अधिक भुगतान के लिए ज़बरदस्ती करना उन्हें शहर छोड़ने पर मजबूर कर देगा और न्यूयॉर्क अति-अमीर लोगों के लिए तेज़ी से प्लेग्राउंड बन जाएगा। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | मेरा कार्यालय एक मज़बूत पार्टिसिपेटरी बट प्रक्रिया चलाता है, क्योंकि हम मानते हैं कि लोकतंत्र रहने लायक शहर की कुँजी है। मैं लोकतंत्र में न केवल चुनाव का दिन भरोसा करती हूँ, बल्कि हर दिन, और हर जगह पर, नौकरी के स्थान से लेकर स्कूल की इमारत तक। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 23

**डैमोक्रेटिक**

- स्टीव बेहर ✓
- लिन्डा ली ✓
- रुबैया रहमान ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 45 पर और जानें।**

**उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## स्टीव बेहर ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा
2. शिक्षा
3. जीवन की गुणवत्ता

***"जब मैं 6 साल का था, मेरा परिवार मेरे समुदाय में रहने आया। मैं PS 46, MS 74 और कार्डोज़ो हाई स्कूल से ग्रैजुएट हुआ।***
***मैं कई दशकों से समुदाय का नेता रहा हूँ और मैने 6 साल परिषद सदस्य ग्रोडेनचिक के परामर्शक के रूप में बिताए हैं।"***

**वर्तमान पेशा:** एटर्नी

**पहले के पेशे:** इंटरनेशनल कॉर्पोरेट फाइनेंस एटर्नी; NYC परिषद में परामर्शक; NYS सीनेट में परामर्शक, छोटे व्यवसाय के मालिक; कॉलेज प्रोफ़ेसर

**शिक्षा:** जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ स्कूल, LL.M (मास्टर ऑफ़ लॉ), सिक्योरिटीज़ एंड फ़ाइनेन्शियल रेग्युलेशन; टूलेन यूनिवर्सिटी, JD; टूलेन यूनिवर्सिटी, MBA, फ़ाइनेंस एंड जनरल मैनेजमेन्ट; यूनिवर्सिटी एट अलबेनी, B.A., इकोनॉमिक्स एडं पोलिटिकल सायंस

**संगठनों से संबद्धता:** सदस्य NYS बार असोसिएशन, सदस्य मोन्टाना बार असोसिएशन

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** एटर्नी, यू.एस. सिक्योरिटीज़ एक्सचेंज कमीशन; NYS सीनेट में परामर्शक; NYC परिषद में परामर्शक

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## लिन्डा ली

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. हमारे समुदायों को सुरक्षित बनाना।
2. उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा को पहुँच
3. हमारे जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना।

*"मुझे ईस्टर्न क्वीन्स का प्रतिनिधित्व करने में गर्व है - यह विविध कामकाजी परिवारों, छोटे व्यवसाय के मालिकों, युवा पेशेवरों और कई वरिष्ठ नागरिकों का घर है। लेकिन हमारी ऐसी समस्याएं हैं जिनके लिए असली नेतृत्व ज़रूरी है। संपत्ति कर बढ़ रहे हैं, छोटे व्यवसाय संघर्ष कर रहे हैं और जैसा कि हमने हरिकेन ईडा के बाद देखा है, हमारी अवसंरचना को अपग्रेड की ज़रूरत है। हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि समुदाय की आवाज़ें हम स्थानीय स्तर पर जिन्हें संबोधित कर रहे हैं उन सभी समस्याओं में सब से आगे हों।*

*पिछले साल पद संभाला तब से मैंने हमेशा ऐसे कानूनों और वित्तपोषण को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है जिसका हमारे समुदायों को अधिक सुरक्षित बना कर और हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना कर उन पर सीधा और सकारात्मक प्रभाव होगा।"*

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** CEO @KCS

**शिक्षा:** BA बरनार्ड; MSW कोलम्बिया

**संगठनों से संबद्धता:** PS203, NVCC

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** CB11, Fmr Comm'er @NYCCEC

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## रुबैया रहमान

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. अक्षमता सेवाओं और अधिकारों को बेहतर बनाना
2. युवा और सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य
3. वरिष्ठ नागरिक सेवा और सेवानिवृत्त व्यक्ति

*"मैं हूँ रुबैया रहमान और मैं नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 23 के लिए चुनाव लड़ रही हूँ। मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है, कि मैं एक ही मुद्दे पर केन्द्रित हूँ - मेरा समुदाय। कई बार, आम लोगों की आवाज़ें अधिक ताकतवरों हितों के शोर में दब जाती हैं। जब हम अपने समुदाय के सबसे अधिक चुनौतियों का सामना कर रहे सदस्यों की ज़रूरतों को प्राथमिकता देते हैं, तब हम अपने मूल्यों और प्राथमिकताओं के लिए एक नैतिक दिशा निर्धारित करते हैं। उनकी ज़रूरतों को अग्र स्थान दे कर हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे बजट के डॉलर वहीं खर्च होते हैं, जहाँ वे सब से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। इसलिए, मैं पद के लिए चुनाव लड़ रही हूँ - हमारे बच्चों के लिए लड़ने और हमारे समुदाय को निर्णय प्रक्रिया में अग्रणी स्थान देने के लिए।"*

**वर्तमान पेशा:** वर्तमान एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर ASHO

**पहले के पेशे:** लीगल आसिस्टंट

**शिक्षा:** मास्टर NYU स्कूल ऑफ लॉ

**संगठनों से संबद्धता:** ASHO

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** फील्ड मैनेजर

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | **स्टीव बेहर** ✓<br>डैमोक्रेटिक | **लिन्डा ली** ✓<br>डैमोक्रेटिक |
|---|---|---|
| **अपराध** | सार्वजनिक सुरक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। मैं चाहता हूँ कि हमारी सड़कों पर और पुलिस हो। मैं सामुदायिक पुलिसिंग में विश्वास करता हूँ। 105वीं प्रीसिंक्ट पर से दबाव हटा कर ईस्टर्न क्वीन्स की सड़कों पर और पुलिस को लाने वाली नई 116वी प्रीसिंक्ट के निर्माण में में कारणभूत था। | मैं पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ हमारे कानून प्रवर्तन अधिकारियों को पूरी तरह से वित्त पोषण करने का प्रबल समर्थक हूं। हमें अपनी सड़कों से बंदूकें हटाकर, मानसिक स्वास्थ्य संकट को संबोधित करते हुए, और घृणा और पूर्वाग्रह अपराधों में वृद्धि पर हमला करके, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण अपराध को कम करने की आवश्यकता है। |
| **महँगाई** | महँगाई कामगार परिवारों की आय और बचत को खतम कर रही है। मौजूदा महँगाई महामारी पश्चात अर्थव्यवस्था के पुनः शुरू होने और रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के परिणाम स्वरूप है। फेडरल रिज़र्व महँगाई को कम करने के लिए काम कर रहा है और हमारी आपूर्ति श्रृंखला और माँग और आपूर्ति संबंधी समस्याएं कम होती जा रही हैं। | जबकि मुद्रास्फीति से निपटना मुख्य रूप से संघीय स्तर पर नियंत्रित किया जाता है, हमें कम और मध्यम आय वाले परिवारों, जो गैस और किराने के सामान की बढ़ती लागत से निपट रहे हैं, की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। हमें मूल्य-निर्धारण के लिए कंपनियों और उपयोगिताओं को भी जवाबदेह ठहराना चाहिए। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | हमारे केपिटोल में 6 जनवरी के विद्रोह ने हमें दिखाया है कि लोकतंत्र कितना नाजुक है। यू.एस. दुनिया में लोकतंत्र का संकेत रहा है, लेकिन 6 जनवरी को हुई घटना ने हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाया है। निर्वाचित अधिकारी को हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों की सुरक्षा के लिए यथा संभव सबकुछ करना चाहिए। | जनवरी 6 ने हमें दिखाया कि हमारा लोकतंत्र कितना दुर्बल है। हमें मतपत्र बॉक्स तक पहुंच का विस्तार करने की, लोगों के लिए उनके द्वारा चुने गए तरीके से मतदान करना - जल्दी, मेल के माध्यम से, या उसी दिन मतदाता पंजीकरण के साथ चुनाव के दिन, आसान बनाने की आवश्यकता है, । |

## रुबैया रहमान ✓
डैमोक्रेटिक

NYC में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना अतिमहत्वपूर्ण है। मौजूदा जमानत सुधार कानून पर पुनर्विचार की ज़रूरत है क्योंकि यह अपराध को कम करने में प्रभावी नहीं रहा है। इस समस्या को संबोधित करने में विफल होने से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है। प्रभावी सार्वजनिक सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देना अनिवार्य है।

महँगाई निम्न-आय परिवारों को नुकसान पहुँचा रही है, उनके लिए भोजन जैसी चीज़ों का खर्च उठा पाना मुश्किल हो रहा है। मैं किफायती हाउसिंग, उच्च गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के लिए वकालत कर के महँगाई को नियंत्रित करने के लिए काम करूँगी। इससे एक लचीली और समानता वाले समुदाय का निर्माण होगा ताकि हर कोई पनप सके।

तानाशाही का खतरा व्यक्तिगत राजनेताओं तक सीमित नहीं है, लेकिन राजनीतिक पक्षों के लोकतांत्रिक सिद्धातों को संभाले रखने में विफल होने से और ध्रुवीकरण को बढ़ाने से होता है। मैं हमारे लोकतंत्र की सुरक्षा करने और सभी न्यूयॉर्क निवासियों के अधिकारों और स्वतंत्रताओं की रक्षा के लिए काम करूँगी।

# चुनाव संबंधी अलर्ट पाएं

**टेक्स्ट या ईमेल द्वारा चुनाव संबंधी अलर्ट पाने के लिए साइन अप करें! मुख्य अंतिम तिथियों और मतदान करने के दिनों के बारे में नवीनतम जानकारी पाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या nycvotes.org/stay-informed पर जाएं**

# प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का अभ्यास करें

हमारे ऑनलाइन मतपत्र का अभ्यास पर अपने चयनों को रैंक देने का प्रयास करें! हम आपको बताएंगे कि आपने मतपत्र ठीक से भरा है या नहीं और अगर आप से गलती हो, तो उसे कैसे ठीक किया जा सकता है।

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/practice-ballot** पर जाएं

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 24 में कोई प्रारंभिक चुनाव नहीं है

**प्रारंभिक चुनाव केवल तब होते हैं जब एक से अधिक उम्मीदवार अपनी पार्टी की ओर से नामांकन के लिए चुनाव लड़ते हैं। तथापि, इस नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट के लिए नवम्बर में एक सामान्य चुनाव होगा।**

## उम्मीदवारों के वीडियो देखें

हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं और उम्मीदवारों के बारे में और अधिक जानें! आपके मतपत्र पर कौनसे उम्मीदवार होंगे यह देखने के लिए अपना पता दर्ज करें और फिर उम्मीदवार का वीडियो देखने के लिए उसकी प्रोफ़ाइल पर जाएं।

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/candidates** पर जाएं

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 25

**डैमोक्रेटिक**

- फातिमा बार्याब*
- शेखर क्रिष्नन ✓
- रिकार्डो जे पचेको ✓

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 45 पर और जानें।**

**उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

* उम्मीदवार ने इस मुद्रित मतदाता मार्गदर्शिका में शामिल करने के लिए समय पर एक पूरा प्रोफ़ाइल जमा नहीं किया।



## शेखर क्रिष्नन ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सभी के लिए उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा
2. बागों / खुली जगहों को विस्तारित करना, बेहतर बनाना
3. शुरुआती बचपन की शिक्षा में निवेश करना

*"आपके परिषद सदस्य और NYC सरकार में निर्वाचित सर्वप्रथम इंडियन अमेरिकन के रूप में, मैं पुनर्निर्वाचन के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ ताकि हमारे समुदाय जिनके काबिल हैं उन संसाधनों और सब के लिए काम करने वाले एक शहर के लिए लड़ना जारी रख सकूँ।*

*हमने जो हासिल किया है उस पर मुझे नाज़ है, एल्महर्स्ट होस्पिटल के लिए जीवन बचाने वाले निवेश से लकर आप्रवासी परिवारों की सहायता के लिए नये प्रोग्रामों तक, हमारे समुदाय के पहले सार्वजनिक डॉग रन तक, शहर के इतिहास में बगीचों के लिए सब से बड़े बजट तक पर।*

*साथ मिलकर हम एक ऐसा शहर बना पाएंगे, जहाँ सभी को स्वास्थ्य सेवा, बगीचों और खुली जगहों तक पहुँच प्राप्त हो, और जहाँ कामगार परिवारों को निःशुल्क शुरुआती बचपन सेवा मिले।*

*मैं इस भविष्य के लिए लड़ना जारी रखूँगा।"*

**वर्तमान पेशा:** NYC परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** नागरिक अधिकार वकील

**शिक्षा:** कूपर यूनियन (इंजीनियरिंग), यूनिवर्सिटी ऑफ़ मिशिगन लॉ स्कूल

**संगठनों से संबद्धता:** लागू नहीं होता

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** परिषद सदस्य

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## रिकार्डो जे पचेको

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा
2. शिक्षा
3. सचमुच हरी जगह

*"मेरा नाम रिकार्ड पाचेको है और मैं जैकसन हाइट्स और एल्महर्स्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली नगर परिषद बैठक के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ।*

*मैं एक आप्रवासी हूँ; NYC सार्वजनिक स्कूल प्रणाली की उपज; सगर्व यूएस मरीन पूर्व सैनिक; सेवा निवृत्त NYPD सार्जन्ट; सेल्फहेल्प/NORC सीनियर्स एडवाइज़री बोर्ड का वर्तमान प्रमुख; जैकसन हाइट्स कूप्स अलायंस का प्रमुख; IS145 में पूर्व PTA प्रमुख; 7 सालों से मेरे को-ओप का बोर्ड प्रमुख; एक का गौरवान्वित पिता और तीन का दादा; सगर्व और ज्ञात गे लैटिनो पुरुष और गे ऑफिसर्स ऐक्शन लीग का पूर्व VP।*

*मैं हमारे समुदाय का एक समर्पित और विनम्र सदस्य हूँ, बस परिवर्तन चाहता हूँ। मैं सादर आपके मत की माँग कर रहा हूँ"*

**वर्तमान पेशा:** सेवा निवृत्त NYPD सार्जन्ट

**पहले के पेशे:** NYPD सार्जन्ट

**शिक्षा:** जॉन जे कॉलेज

**संगठनों से संबद्धता:** NORC, अलायंस, गोल

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** यूएस मरीन्स, NYPD

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक


# उम्मीदवारों की तुलना करें

आपके लिए सब से महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों का क्या रवैया है जानने के लिए हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं, और फिर उनके रवैयों को एक साथ रख कर उनकी तुलना करें।

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/compare** पर जाएं

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | **फातिमा बार्याब*** डैमोक्रेटिक | **शेखर क्रिष्नन** ✓ डैमोक्रेटिक |
|---|---|---|
| **अपराध** | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। | सभी को चल कर घर जाते हुए, सब वे में या फिर किसी पूजा स्थल पर सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। सुरक्षा हमारी सरकार का सबसे महत्वपूर्ण दायित्व है। मानसिक स्वास्थ्य और हाउसिंग से लेकर कम्युनिसी सेंटरों तक हमें विस्तृत समाधानों की ज़रूरत है। हम समुदायों में जल्दी निवेश करके उन्हें सुरक्षित रखते हैं। |
| **महँगाई** | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। | जब हरेक न्यूयॉर्क निवासी, उनका परिवार और उनके पासपड़ोस के पास पनपने के संसाधन हों, तब हमारी अर्थव्यवस्था भी पनपती है। महँगाई को संबोधित करने का सबसे प्रभावी तरीका है ऐसा शहर बनाना जहाँ हरेक व्यक्ति गरिमामय वेतन पाए और उसके पास उच्च गुणवत्तावाली स्वास्थ्य सेवा, एक किफायती घर और बाल देखभाल हो। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। | मतदान एक मूलभूत अधिकार है। हम यह सुनिश्चित करके हमारे लोकतंत्र की रक्षा करते हैं कि हरेक व्यक्ति भेदभाव से मुक्त हो कर इस अधिकार का इस्तेमाल कर सके। हमें मतदान को और आसान और पहुँचक्षम बनाना होगा। परिषद सदस्य के रूप में मैंने आपके मताधिकार की रक्षा करने के लिए भारी लड़ाई की है और यह जारी रखूँगा। |

## रिकार्डो जे पचेको ✓

डैमोक्रेटिक

मैं लोगों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त संसाधनों के साथ-साथ जिन्हें इन सेवाओं की ज़रूरत है ऐसे लोगों के लिए विस्तारित मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं वाले एक संतुलित अभिगम का समर्थन करता हूँ।

फिक्स और निम्न-आय परिवार अपनी आय का बड़ा हिस्सा हाउसिंग, बिजली, परिवहन और भोजन जैसी आवश्यकताओं पर खर्च करते हैं।

छोटे व्यवसायों और छोटे मकान मालिकों को कर में राहत प्रदान करना। नौकरियों का निर्माण। किफायती परिवहन

मैं एक शक्तिशाली अभियान निधीयन प्रणाली का समर्थन करता हूँ और यह सुनिश्चित करने का कि सभी के मताधिकार सुरक्षित रहें। मतदाता सहभागिता को प्रोत्साहित करना।

# चुनाव संबंधी अलर्ट पाएं

**टेक्स्ट या ईमेल द्वारा चुनाव संबंधी अलर्ट पाने के लिए साइन अप करें! मुख्य अंतिम तिथियों और मतदान करने के दिनों के बारे में नवीनतम जानकारी पाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या nycvotes.org/stay-informed पर जाएं**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 26

**डैमोक्रेटिक**

- हेइली किम ✓
- जुली वॉन ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 45 पर और जानें।**

**उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## हेइली किम ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. शिक्षा में की गई कटौतियों को हटाना
2. किफायती हाउसिंग और किरायेदार संरक्षण
3. जातीय और आर्थिक न्याय

***"हेइली का जन्म सोल, दक्षिण कोरिया में हुआ था और वह सनीसाइड, क्वीन्स में पली-बढ़ीं। एक शिक्षक और कार्यकर्ता, हेइली अपने पूरे करियर के दौरान न्यूयॉर्क के परिवारों के लिए लड़ती रही हैं। वह एक नेल टेक्निशियन और होम केयर कर्मी की गर्वान्वित बेटी हैं। हेइली जानती हैं कि कामगार वर्ग के न्यूयॉर्क निवासियों को कैसा संघर्ष करना पड़ता है और समझती हैं कि इन चुनौतियों को और गहरा करने में जाती और आर्थिक स्थिति क्या भूमिका निभाते हैं। हेइली सिटी हॉल में आपके परिवार की वकील बनेगी और हमारी स्कूलों और समुदायों के निधीयन में हुई कटौतियों को उलटाने के लिए अथक काम करेंगी।"***

**वर्तमान पेशा:** एडजंक्ट, SUNY ओल्ड वेस्टबरी

**पहले के पेशे:** हाउसिंग ऑर्गनाइज़र, मिंकवॉन सेंटर फॉर कम्युनिटी ऐक्शन; एडजंक्ट, हंटर कॉलेज

**शिक्षा:** MA-हंटर कॉलेज; BA-SUNY पर्चेज़

**संगठनों से संबद्धता:** डैमोक्रेटिक सोशियालिस्ट्स ऑफ अमेरिका, वर्किंग फैमिलीज़ पार्टी

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** लागू नहीं होता

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## जुली वॉन

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. किफायती हाउसिंग और विस्तृत आयोजन
2. शिक्षा और हरे स्थानों में निवेश करना
3. समुदाय आधारित सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना

*"परिषद सदस्य के रूप में मुझे सिटी हॉल में हमारे समुदाय की आवाज़ होने पर गर्व है! मेरे पहले साल में मैंने किफायती हाउसिंग की 1,622 इकाइयों को स्वीकृति दी है, मुफ्त वाईफाई, केबल और सेल सर्विस की डिस्ट्रिक्ट के सभी NYCHA निवासियों के लिए गारंटी दी है, और हमारे इलाके के लिए निधि के रूप में $50 मिलियन से अधिक प्राप्त किए हैं - जिसमें $11 मिलियन हमारे स्थानीय स्कूलों के लिए और $15 मिलियन हमारे बागों को अपग्रेड करने के लिए हैं। स्थानीय माँ, आप्रवासी और किरायेदार के रूप में मैं किफायती हाउसिंग के संकट को खतम करने और शहर की सरकार द्वारा लोगों की बेहतर सेवा के लिए लड़ रही हूँ।"*

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** डिजिटल स्ट्रेटेजी कंसल्टंट

**शिक्षा:** सायराक्यूज़ यूनिवर्सिटी

**संगठनों से संबद्धता:** वर्तमान परिषद सदस्य के रूप में कोई नहीं

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** सामुदायिक बोर्ड 2, क्वीन्स बरो अध्यक्ष की 2020 जनगणना समग्र गणना समिति: संस्थापक टेक्नोलॉजी ऐक्शन ग्रूप

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# चुनाव संबंधी अलर्ट पाएं

**टेक्स्ट या ईमेल द्वारा चुनाव संबंधी अलर्ट पाने के लिए साइन अप करें! मुख्य अंतिम तिथियों और मतदान करने के दिनों के बारे में नवीनतम जानकारी पाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या nycvotes.org/stay-informed पर जाएं**

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | **हेइली किम** ✓<br>डैमोक्रेटिक | **जुली वॉन** ✓<br>डैमोक्रेटिक |
|---|---|---|
| **अपराध** | हमें गरीबी से लड़ कर, हाउसिंग को पहुँच प्रदान कर और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का निधीयन कर के अपराध के मूल कारण को संबोधित करना होगा। समुदायों को साथ लाना, दर्शक द्वारा हस्तक्षेप कार्यक्रम और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने संबंधी मुद्दे सामुदायिक सुरक्षा में चाबीरूप हैं। | सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक समग्र समाधान के लिए कानून प्रवर्तन से अधिक की ज़रूरत है। हमें मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों के लिए निधीयन बढ़ाकर अपराध के मूल कारणों का उपचार करना होगा, सबल करने वाले न्याय मॉडल को विस्तारित करना होगा, नौकरी के अवसर बढ़ाने होंगे और किफायती हाउसिंग बनाना होगा। |
| **महँगाई** | कीमतों के बढ़ने और वेतन के स्थायी रहने के चलते कई परिवार स्वास्थ्यप्रद किराने जैसी मूलभूत ज़रूरतों का खर्च नहीं उठा पा रहे हैं। हमें तत्काल शहर के बजट में यह सुनिश्चित करने के लिए संसाधन आवंटित करने होंगे, कि महँगाई के प्रभाव पहले ही कमज़ोर न्यूयॉर्क निवासियों के लिए आर्थिक तबाही नहीं मचा रहे हैं। | किरायेदार और माता के रूप में मैं बढ़ते हुए किराये और हमारे इलाके में जीवनयापन की निरंतर बढ़ती लगात के प्रभावों को महसूस करती हूँ। इसलिए, मैंने सीधे हमारे इलाके के लिए शहर के निधीयन के रूप में $50 मिलियन से अधिक प्राप्त किए हैं और अति किफायती हाउसिंग की ऐतिहासिक मात्राओं के लिए लड़ी हूँ। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | इस देश में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए काम करूँगी कि न्यूयॉर्क शहर एक समावेशी लोकतंत्र का चिह्न बने, इसके लिए मताधिकार के विस्तारण और बढ़ी हुई रजिस्ट्रेशन दर से लेकर मतदान स्थलों पर बेहतर मतदाता पहुँच जैसे उपाय शामिल हैं। | परिषद सदस्या के रूप में अपने मतदारों के मताधिकार का रक्षण करना और मतपत्र तक के पथ को निर्बाध करना मेरा कर्तव्य है। मैं मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करने, प्रारंभिक वोटिंग के घंटे और स्थान बढ़ाने, डाक द्वारा मताधिकार बनाने और अन्य उपायों का पूर्ण समर्थन करती हूँ। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 27 और 28 में कोई प्रारंभिक चुनाव नहीं हैं

**प्रारंभिक चुनाव केवल तब होते हैं जब एक से अधिक उम्मीदवार अपनी पार्टी की ओर से नामांकन के लिए चुनाव लड़ते हैं। तथापि, इन नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट्स के लिए नवंबर में आम चुनाव होगा।**

## अपने मतपत्र की योजना बनाएं

अपने उम्मीदवार चुनना पूरा कर लिया? अपने चयनों को अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ले जाने के लिए सहेज लें!

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/plan-your-ballot** पर जाएं

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 29

**डैमोक्रेटिक**

- ईथन माइकल फेल्डर ✓
- लिन सी शुल्मैन ✓
- सुखी सिंघ ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 45 पर और जानें।**

**उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## ईथन माइकल फेल्डर ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. शिक्षा का पर्याप्त निधीयन करना।
2. सार्वजनिक सुरक्षा और ट्रैफिक सुरक्षा
3. नया, सचमुच किफायती हाउसिंग।

***"एक वकील और सामुदायिक अधिवक्त के रूप में मुझे सार्वजनिक स्कूल के बच्चों के मातापिता, लंबे समय से समुदाय का नेतृत्व कर रहे नेता और विद्यार्थियों के बने इस अभियान पर गर्व है जो पास-पड़ोसियों को हमारे सामने मौजूद चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें जिस परिवर्तन की ज़रूरत है उसका हिस्सा बना रहे हैं।"***

**वर्तमान पेशा:** श्रम वकील

**पहले के पेशे:** कॉर्पोरेट वकील

**शिक्षा:** JD/MBA वॉशिंग्टन यूनिवर्सिटी इन सेंट लुईस B.A. कॉर्नेल यूनिवर्सिटी

**संगठनों से संबद्धता:** टाउन्सेन्ड हेरिस हाइस्कूल पूर्व विद्यार्थी संघ

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** सदस्य, सामुदायिक बोर्ड 6 2016-2022 निर्वाचित डैमोक्रेटिक पार्टी डिस्ट्रिक्ट नेता 2020-2022

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## लिन सी शुल्मैन

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाना; अस्पताल की क्षमता को बढ़ाना
2. हमारे स्थानीय स्कूलों में निवेश करना
3. हमारे वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त व्यक्तियों का समर्थन करना

*"मैं पुनर्निर्वाचन के लिए चुनाव लड़ रही हूँ ताकि स्वास्थ्य सेवा को सभी न्यूयॉर्क निवासियों के लिए किफायती और पहुँच के लायक बनाना जारी रख सकूँ। अपने पहले कार्यकाल में, स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष के रूप में, मैंने महिलाओं के स्वास्थ्य को उन्नत बना कर, प्रथम शहरव्यापी डायाबिटीज़ रिडक्शन प्लान लागू कर के और वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य विकल्पों को बेहतर बना कर शहर को अधिक स्वस्थ बनाने में सहायता की।*

*जहाँ हम अपने जीवन के सबसे बुरे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से उबर रहे हैं, वहाँ पहले से कहीं ज्यादा आज, यह अतिमहत्वपूर्ण है कि हमारे पास नगर परिषद में फोरेस्ट हिल्स, क्यू गार्डन्स, रिचमंड हिल और रेगो पार्क का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक मज़बूत, स्वतंत्र आवाज़ हो।"*

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** NYC हेल्थ एंड हॉस्पिटल्स कॉर्पोरेशन; FDNY-EMS

**शिक्षा:** हारवर्ड एग्ज़िक्यूटिव लीडरशिप प्रोग्राम; JD - ब्रुकलिन लॉ स्कूल; BA - NYU

**संगठनों से संबद्धता:** CB 6, CEC 28, 112वीं प्रीसिंक्ट परिषद

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** NYC परिषद; NYS असेम्बली;

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## सुखी सिंघ

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. शैक्षिक बजट में कटौती के लिए इनकार
2. सुरक्षित सड़कें बनाने के लिए प्रतिबद्ध
3. किराया स्थिरीकरण कानूनों का विस्तार करना

*"1-शिक्षा के लिए निधीयन को कम करने वाले किसी भीनगर बजट के लिए "नहीं" वोट करना।*

*2-सभी स्थानीय समुदायों के लिए सुरक्षित सड़कें बनाने और नफरत के अपराधों और हिंसा से निपटने के प्रतिबद्ध होना*

*3-किराया स्थिरीकृत कानूनों को विस्तारित करना और अब बिना मतलब के कई दशक पुराने कानूनों में परिवर्तन प्रस्तावित करके किरायेदारों और मकानमालिकों दोनों की रक्षा करना*

*4-सभी सरकारी एजेन्सियों और विभागों में सभी भाषाओं में पहुँच सुनिश्चित करना*

*5-सेन्ट्रल और साउथ ईस्टर्न क्वीन्स के लिए पहुंच बढ़ाने के लिए क्वीन्सलिंक का समर्थन करना"*

**वर्तमान पेशा:** आईटी कंसल्टंट

**पहले के पेशे:** आईटी कंसल्टंट

**शिक्षा:** कॉलेज

**संगठनों से संबद्धता:** द सिख कल्चरल सोसाइटी इंक.

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** डिस्ट्रिक्ट नेता उम्मीदवार 2022

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | ईथन माइकल फेल्डर ✓<br>डैमोक्रेटिक | लिन सी शुल्मैन ✓<br>डैमोक्रेटिक |
|---|---|---|
| **अपराध** | अपराध को एक प्रभावी प्रतिक्रिया में बढ़ती हिंसा के मूलभूत कारण को संबोधित करने के लिए एहतियाती उपाय, अपनी सेवा को योग्य रूप से करने के लिए पुलिस के लिए योग्य निधीयन और प्रशिक्षण और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए बजट बनाने संबंधी निर्णयों में समुदाय की सहभागिता शामिल होने चाहिए। | सरकार का पहला दायित्व है लोगों को सुरक्षित महसूस कराना। सार्वजनिक सुरक्षा एक जटिल समस्या है जिसमें निवेश के कई स्तरों की ज़रूरत है जिसमें शामिल है हिंसा में खलल के लिए निधीयन, बढ़ी हुई मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, NYPD की शामिलगिरी और हमारे सामुदायिक साझीदारों से इनपुट। |
| **महँगाई** | हमें पारिवारिक बजट पर आक्रमण कर रही महँगाई को हमारी अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता को बढ़ा कर संबोधित करने की ज़रूरत है। मैं सार्वजनिक परिवहन को पुनर्स्थापित करने के लिए अधिक निवेश, नये किफायती हाउसिंग के निर्माण और स्वास्थ्य सेवा की बढ़ती लागत पर नियंत्रण की वकालत करूँगा। | जहाँ हम अपने जीवन के सब से बुरे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से उबर रहे हैं, महँगाई नाटकीय ढंग से बढ़ गई है और इससे कामगार परिवारों को नुकसान पहुँच रहा है। मैं प्रतिवर्ष महँगाई की दर के आधार पर न्यूनमत वेतन बढ़ाने के NYS विधेयक का समर्थन करती हूँ। इससे कामगार NY वासियों के लिए आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित होगी। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | हमारा स्थानीय लोकतंत्र स्वस्थ हो उसके लिए हमें निर्वाचित अधिकारी के निष्पादन या उसकी कमी के लिए जवाबदेही की ज़रूरत है। उम्मीदवारी अक्सर राजनीतिक संबंध के आधार पर होती है, ना कि हमारे डिस्ट्रिक्ट के लिए क्या हासिल किया गया है उसके आकलन के आधार पर। | स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के सम्मान के मूल्य लोकतंत्र के आवश्यक घटक हैं। हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों की सत्ता के किसी भी दुरुपयोग से रक्षा की जानी चाहिए, राष्ट्रीय स्तर पर भी और स्थानीय स्तर पर भी। |

## सुखी सिंह

डैमोक्रेटिक

सामान्य रूप से घृणा अपराधों और हिंसा से निपटने के लिए विभिन्न शैक्षिक प्रोग्रामों को वित्तपोषित करके सभी समुदायों के लिए सुरक्षित सड़क बनाने के लिए प्रतिबद्ध

हमें स्थानीय किसानों, निर्माताओं और स्थानीय छोटे व्यवसायों को सब कुछ आयात करने के बजाय घर में उत्पादन करने के लिए धन देना चाहिए

हम दुनिया में सबसे पुराने लोकतंत्र हैं और इसे निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने में सक्षम होने के लिए हमें अपने चुनाव बोर्ड को पूरी तरह से सही तरीके से वित्तपोषित होना चाहिए

# प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान का अभ्यास करें

**हमारे ऑनलाइन मतपत्र का अभ्यास पर अपने चयनों को रैंक देने का प्रयास करें! हम आपको बताएंगे कि आपने मतपत्र ठीक से भरा है या नहीं और अगर आप से गलती हो तो उसे कैसे ठीक किया जा सकता है।**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/practice-ballot पर जाएं**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 30, 31 और 32 में कोई प्रारंभिक चुनाव नहीं हैं

**प्रारंभिक चुनाव केवल तब होते हैं जब एक से अधिक उम्मीदवार अपनी पार्टी की ओर से नामांकन के लिए चुनाव लड़ते हैं। तथापि, इन नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट्स के लिए नवंबर में आम चुनाव होगा।**

## NYC Votes को फ़ॉलो करें

आप चुनाव संबंधी सभी नवीनतम अपडेट्स के लिए NYC Votes को फ़ॉलो कर सकते हैं!

**@nycvotes**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 34

**डैमोक्रेटिक**

- जेनिफ़र गुतिरेज़ ✓
- पेपरबॉय एल प्रिंस*
- एंजल सैनटिएगो*

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** पृष्ठ 45 पर और जानें।

**उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

* उम्मीदवार ने इस मुद्रित मतदाता मार्गदर्शिका में शामिल करने के लिए समय पर एक पूरा प्रोफ़ाइल जमा नहीं किया।

---



## जेनिफ़र गुतिरेज़ ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. यूनिवर्सल चाइल्ड केयर
2. किरायेदार सुरक्षा को मजबूत और विस्तारित करें
3. पर्यावरणीय न्याय

*"जेनिफर गुतिरेज़ एक आयोजक, ऐक्टिविस्ट और साथी है। एक दशक से अधिक समय से जेनिफ़र वह इस वक्त जिनका प्रतिनिधित्व करती हैं उन परिवारों को प्रभावित करने वाले मुद्दों में शामिल रही हैं। क्वीन्स में कोलम्बिया के प्रवासियों के घर जन्मी जेनिफर एक बेडरूम वाले अपार्टमेन्ट में बड़ी हुई और सार्वजनिक स्कूलों में पढ़ी। छोटी उम्र में जब उनके पिता दिव्यांग हो गए तब से वह एक अधिवक्ता रही हैं और बीमा कंपनियों से लड़ीं और अपनी माता के साथ दुभाषिया बनने और उनके वेतन के लिए सौदेबाज़ी करने के लिए सफाई के कामों पर जाती थी। पदावधि के दौरान वह किफायती हाउसिंग, स्कूल और डेकेयर को वित्तपोषित रखने, ब्रॉडबैंड समानता और पहुँच के लिए लड़ीं और हमारे समुदायों को जिनकी अत्यधिक ज़रूरत है उन सोशल सर्विस के बजट के कटौती के खिलाफ भी लड़ी।"*

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** कर्मचारी का मुख्य

**शिक्षा:** अलबेनी स्थित यूनिवर्सिटी

**संगठनों से संबद्धता:** लागू नहीं होता

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** लागू नहीं होता

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए गए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | जेनिफ़र गुतिरेज़ ✓ डैमोक्रेटिक | पेपरबॉय एल प्रिंस* डैमोक्रेटिक | एंजल सैनटिएगो* डैमोक्रेटिक |
|---|---|---|---|
| **अपराध** | हमें अपने बच्चों के हाथों से बंदूकें हटाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, और उन सामुदायिक संसाधनों के लिए धन में वृद्धि करना है जिन्हें हम जानते हैं कि वह काम करेंगे: मानसिक स्वास्थ्य और मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के लिए सेवाएं, सम्मानजनक हाउसिंग और स्कूलों में हिंसा की रोकथाम। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |
| **महँगाई** | न्यू यॉर्क के निवासी प्रतिदिन हमारे शहर में गुज़ारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं; किराया आसमान छू रहे हैं और दूध और अंडे की कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर है। अभी, हमें सरकार भर में मजबूत सामाजिक सेवा निवेश पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, ताकि उन परिवारों का समर्थन किया जा सके जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | मैं लंबे समय से "माई सिटी माई वोट" की हिमायती रही हूं, और मेरा मानना है कि प्रत्येक न्यू यॉर्क वासी, अप्रवासन स्थिति की परवाह किए बिना, हमारे शहर में अपना मत देने में सक्षम होना चाहिए। मैं समान दिन मतदाता पंजीकरण को लागू करने के लिए स्टेट पर जोर देना जारी रखूंगी। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |

# NYC Votes के बारे में

**NYC Votes एक स्वतंत्र सिटी एजेंसी न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड, जो यह सुनिश्चित करती है कि स्थानीय चुनाव न्याय संगत, समावेशी और खुले हों, की एक पहल है।**

हम मतदाताओं और उम्मीदवारों दोनों की प्रतिभागिता को समान रूप से प्रोत्साहित करते हैं ताकि हमारे निर्वाचित अधिकारी हमारे विविधतापूर्ण समुदायों की ज़रूरतों और मतदाताओं को जिनकी परवाह है उन मुद्दों को संबोधित करें।

हम ऐसा जिनके मतदान करने की कम संभावना हो ऐसे न्यूयॉर्क निवासियों को सशक्त बना कर, पद लड़ने में अवरोधों को कम कर के और हमारी चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने के सुझाव प्रदान करके करते हैं। NYC Votes सामुदायिक संगठनों, स्वयंसेवकों और अन्य नगर एजेन्सियों के साथ शहर भर में मतदाताओं को रजिस्टर करने, शिक्षित करने और शामिल करने के लिए साझीदारी करते हैं। हमारे चुनाव कैसे काम करते हैं और वे क्यों मायने रखते हैं, इस बारे में एक ईमानदार बातचीत करके हम सभी न्यूयॉर्क वासियों के लिए चुनावी प्रक्रिया की बेहतर समझ बनाने का लक्ष्य रखते हैं।

1988 में स्थापित एजेन्सी न्यूयॉर्क निवासियों को अपने मतपत्र पर मौजूद उम्मीदवारों और उनके अभियान का निधीयन कैसे हो रहा है इसके बारे में जानकारी से सुसज्जित करती है। हमारा मिलान निधि प्रोग्राम एक स्थानीय दाता से प्राप्त हर $1 का नगर के निधीयन से 8 तक से मिलान करता है, जिससे कि नगर के उम्मीदवारों को विशेष हितों के बजाए अपने समुदायों पर ध्यान केन्द्रित करने को प्रोत्साहन मिले।

## मिलान निधि प्रोग्राम

**जब आप उन उम्मीदवारों का समर्थन करते हैं जो नगर के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहे हों, तो नगर के उम्मीदवारों को आपका योगदान और भी दूर तक जाता है। हिस्सा ले रहे उम्मीदवारों को नगर के निवासियों से प्राप्त दान को $8-से-$1 का मिलान किया जा सकता है। इसका मतलब है कि जब आप $10 का योगदान देते हैं, तो उम्मीदवार को $90 मिलते हैं।**

यह प्रोग्राम यह सुनिश्चित करने में सहायता करता है कि अभियानों का वित्तपोषण न्यूयॉर्क निवासियों के कम राशि के दान से हो, ना कि खास हितों से। इसका मतलब यह भी है कि वास्तव में अमीर न हों, लेकिन जिन्हें समुदाय का ज़बर्दस्त समर्थन प्राप्त हो ऐसे उम्मीदवार चुनाव लड़ने का खर्च वहन कर सकते हैं, जिससे एक अधिक विविधतापूर्ण और प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार बनती है। न्यूयॉर्क शहर के 2021 के चुनाव में स्थानीय उम्मीदवारों में से 83% से अधिक ने कहा था कि मिलान निधि उनके पद के लिए चुनाव लड़ पाने की क्षमता की कुँजी थी।

**contribute.nycvotes.org**
**पर योगदान दें।**

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## सामान्य

### प्रारंभिक चुनाव क्या होता है?

यह चुनाव के पहले का चुनाव होता है। प्रारंभिक चुनाव में आप तय करते हैं कि कौन-सा उम्मीदवार आम चुनावों में आपकी पार्टी का प्रत्याशी होगा। प्रारंभिक चुनाव में मतदान करने के लिए आपको किसी राजनीतिक दल का सदस्य होना चाहिए।

### क्या मैं 27 जून के प्रारंभिक चुनाव में मतदान कर सकता/सकती हूँ?

अगर आप न्यूयॉर्क में चुनाव कर रहे किसी पक्ष में रजिस्टर्ड हों तो आप मतदान कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि है **17 जून**।

### मैं कैसे जाँच सकता/सकती हूँ कि मैं मतदान के लिए रजिस्टर्ड हूँ या नहीं?

**Voterlookup.elections.ny.gov** पर जाएं या NYC चुनाव बोर्ड को **866-VOTE-NYC (866-868-3692)** पर कॉल करें या श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए **टीटीवाय 212-487-5496**।

### मैंने पिछली बार मतदान किया उसके बाद मैंने न्यूयॉर्क शहर में घर बदला हो तो क्या?

जब आप घर बदलें, तब आपको एक नया मतदाता पंजीकरण प्रपत्र सबमिट करके चुनाव बोर्ड के पास अपना पता बदल देना चाहिए। आपके पते में परिवर्तन चुनाव बोर्ड को **12 जून**तक मिल जाना चाहिए। आपके पते में परिवर्तन को संसाधित कर दिया गया है या नहीं यह जानने के लिए **866-VOTE-NYC (866-868-3692)** पर कॉल करें या श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए **टीटीवाय 212-487-5496**।

अगर आपका पता अद्यतन नहीं किया गया है, तो आप अपने नये पते को आवंटित मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र की माँग करके मतदान कर सकते हैं।

## डाक द्वारा मतदान

### अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र का अनुरोध करने केवैध कारण क्या हैं?

अगर आप चुनाव का दिन न्यूयॉर्क शहर से दूर हों, बीमार या शारीरिक रूप से अक्षमता व्यक्तियों के मुख्य देखभाल करने वाले हों, वेटरन्स हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन हॉस्पिटल के निवासी या मरीज़ हों या आप कारावास में हों या मुकद्दमा चलने की राह देख रहे हों, तो आप एक अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग कर सकते हैं। आप अपने अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र अनुरोध फॉर्म पर अपना कारण अंकित कर सकते हैं।

### अगर मैं अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करूँ तब भी क्या मैं व्यक्तिगत रूप से वोट देने के योग्य?

अगर आपने अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग की हो, तो आपको उससे मतदान करने की योजना बनानी चाहिए। जब तक मतदान चालू हो, आप किसी भी जनमत लेना पर अपना भरा हुआ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र छोड़ सकते हैं। तथापि, अगर आप अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करने के बाद व्यक्तिगत रूप से मतदान करना चुनें, तो आपको अपने मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र से मतदान करना होगा। यह मतपत्र अलग दिखेगा। अगर आपको मदद की ज़रूरत हो, तो मतदान कर्मी से माँगें।

### अगर मैं अपना मतपत्र डाक से भेज रहा/रही हूँ तो क्या मुझे डाक टिकट लगाने होंगे?

नहीं, आपको डाक टिकट लगाने की ज़रूररत नहीं है। हालाँकि यथाशीघ्र अपना मतपत्र डाक द्वारा वापस भेजना सुनिश्चित करें। इसे वैध होने के लिए चुनाव का दिन तक इस पर पोस्टमार्क सिक्का पड़ जाना चाहिए।

### क्या मैं अपने मतदान स्थल पर अपनाअनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र छोड़ सकता/सकती हूँ?

हाँ! जब तक मतदान चालू हो आप किसी भी NYC मतदान स्थल या चुनाव बोर्ड के कार्यालय में अपना भरा हुआ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र छोड़ सकते हैं। मतपत्र बॉक्स फ्रंट डेस्क पर उपलब्ध होंगे। आपको डाक टिकट लगाने की ज़रूरत नहीं है।

### क्या मैं अपना मतपत्र लौटाने के बाद उसे ट्रैक कर सकता/सकती हूँ?

हाँ! **nycabsentee.com/tracking** पर जाएं।

### अगर मेरे अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र में कोई समस्या हो तो क्या? क्या मुझे उसे ठीक करने का मौका मिलेगा?

अगर आपके मतपत्र लिफाफे पर ठीक की जा सके ऐसी गलती हो, जैसे कि नामौजूद या गलत हस्ताक्षर, तो कानूनन चुनाव बोर्ड को आपको सूचित करना होगा। अगर आपके मतपत्र पर ठीक की जा सके ऐसी त्रुटि हो, तो वे गलती का पता चलने के 1 दिन के भीतर आप से डाक, ईमेल और फोन (अगर उपलब्ध हो) के द्वारा संपर्क करेंगे। आपके पास एक हस्ताक्षरित पुष्टि लौटा कर त्रुटि को ठीक करने के लिए 7 कार्य दिवस होंगे।

### और प्रश्न हैं?

**hindi.nycvotes.org/faqs** पर जाएं! आप हमें **nycvotes@nyccfb.info** पर ईमेल, या Instagram, Twitter, Facebook, या TikTok (**@nycvotes**) पर संदेश भी भेज सकते हैं।

# प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान

### प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान कैसे काम करता है?

आप केवल एक उम्मीदवार को चुनने के बजाए, अपनी पसंद के क्रम में पाँच तक उम्मीदवारों को रैंक दे सकते हैं। अगर किसी उम्मीदवार को पहली पसंद के रूप में 50% से अधिक मत मिल जाते हैं, तो वह चुनाव जीत जाते हैं। अगर किसी उम्मीदवार को पहली पसंद के रूप में 50% से अधिक मत नहीं मिलते हैं, तो गिनती राउंड में जारी रहेगी। हरेक राउंड के अंत में, सबसे कम वोट पाने वाले उम्मीदवार को हटा दिया जाता है। अगर यह ऐसा उम्मीदवार हो जिसे आपने पहला रैंक दिया था, तो आपका मत आपके मतपत्र पर आपके उसके बाद वाले रैंक के उम्मीदवार को जाएगा। यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक केवल 2 उम्मीदवार न बचें। सबसे ज्यादा वोट पाने वाला उम्मीदवार जीत जाता है।

### क्या मैं अब भी सिर्फ एक उम्मीदवार को वोट दे सकता/सकती हूँ?

हाँ। अगर आप चाहें तो आप केवल अपने पहली पसंद के उम्मीदवार के लिए भी मतदान कर सकते/सकती हैं। तथापि, अन्य उम्मीदवारों को रैंक देने से आपकी पहली पसंद को नुकसान नहीं पहुँचता है। अगर आपकी एक मात्र पसंद हट जाती है, तो आपके मत का चुनाव के परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं होगा।

### क्या मुझे कुल 5 उम्मीदवारों को रैंक देने होंगे?

नहीं। आप पांच उम्मीदवारों तक को रैंक कर सकते/सकती हैं, लेकिन आपको कुल पाँच को रैंक करने की आवश्यकता नहीं है।

### क्या मैं अपने पसंदीदा उम्मीदवार को एक से अधिक बार रैंक कर सकता/सकती हूँ?

नहीं। अगर आपने अपने पसंदीदा उम्मीदवार को एक से ज्यादा रैंक दी उदाहरण के लिए आपकी 1ली, 2री, 3री, 4थी, और 5वीं पसंद, तो केवल आपकी पहली रैंकिग ही गिनी जाएगी। एक ही उम्मीदवार को कई रैंकिंग देने का कोई रणनीतिक लाभ नहीं है।

### क्या मैं अपनी पहली पसंद के रूप में एकाधिक उम्मीदवारों को रैंक कर सकता/सकती हूँ?

नहीं। आप प्रत्येक रैंकिंग के लिए केवल एक उम्मीदवार चुन सकते हैं। अगर आप एक से अधिक उम्मीदवारों को अपनी पहली पसंद के रूप में चुनें, तो आपका मतपत्र वैध नहीं रहेगा।

### अगर मैं पाँच उम्मीदवारों को रैंक दूँ, तो क्या पाँच मत गिने जाएंगे?

नहीं। आपका केवल एक मत गिना जाएगा। आपका मत केवल आपके उस उच्चतर रैंक वाले उम्मीदवार को जाएगा जिसे हटा नहीं दिया गया है। अगर आपकी शीर्ष पसंद के उम्मीदवार को हटा दिया जाता है, तो आपका मत फिर आपके दूसरे सबसे ऊँची रैंक वाले उम्मीदवार के लिए गिना जाएगा।

### मैं प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान वाले चुनावों में परिणामों की उम्मीद कब कर सकता/सकती हूँ?

इस बात की संभावना है कि प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान वाले चुनावों में अंतिम परिणाम तब तक ज्ञात नहीं होंगे जब तक कि सभी अनुपस्थित व्यक्ति और सैनिकों के मतपत्रों की गणना नहीं की जाती है, जिसमें चुनाव का दिन के बाद कई सप्ताह लग सकते हैं।

### मैं प्रत्याशियों की रैंकिंग के आधार पर मतदान में किसी राइट-इन उम्मीदवार को वोट कैसे दूं?

जिनका नाम मतपत्र पर न हो, ऐसे किसी उम्मीदवार को मत देने के लिए “Write-in” (राइट-इन, यहाँ लिखें) पंक्ति में उनका नाम लिखें और फिर अपनी लिखी हुई पसंद को रैंक देने के लिए अण्डाकार को भर दें।

### अगर मुझ से अपने मतपत्र पर कोई गलती हो जाए, तो क्या वोटिंग मशीन मुझे बताएगी?

यदि आप व्यक्तिगत रूप से मतदान करते हैं, तो यदि आप एक से अधिक उम्मीदवार को समान रैंकिंग देते हैं तो जब आप उसे स्कैन करेंगे, वोटिंग मशीन आपको बताएगी। अगर आप से गलती हो जाए, तो आप चुनाव कर्मी से नया मतपत्र माँग सकते हैं। अगर आप रैंक देना चूक जाएं या एक ही उम्मीदवार को एकाधिक बार रैंक दें, तो वोटिंग मशीन आपको नहीं बताएगी, क्योंकि ऐसी स्थितियों में आपका शीर्ष पसंद वाला वोट अब भी गिना जाएगा।

## चुनाव बोर्ड के पास अपनी जानकारी अद्यतन करें

हमें आपका नाम और पता न्यूयॉर्क सिटी चुनाव बोर्ड द्वारा रखी जाने वाली पंजीकृत मतदाताओं की सूची से मिले।

अगर आपको यह मतदाता मार्गदर्शिका डाक में मिली, लेकिन आप वह व्यक्ति नहीं है जिसे यह भेजी गई थी, या अगर जिसे भेजी गई थी उस व्यक्ति ने घर बदल दिया है या उनकी मौत हो गई है, तो चुनाव बोर्ड को सूचित करें, ताकि वे अपने रिकॉर्ड सुधार लें।

## मतदाता मार्गदर्शिका के बारे में

NYC VOTES

कानून के द्वारा NYC Votes को न्यूयॉर्क शहर में नगर के चुनावों के लिए रजिस्टर्ड वोटर वाले हरेक घर को एक मतदाता मार्गदर्शिका भेजना अनिवार्य है।¡ हम हरेक रजिस्टर्ड मतदाता को यह मार्गदर्शिका अंग्रेज़ी और स्पेनिश में भेजते हैं और जनगणना के डेटा के आधार पर लक्षित इलाकों में स्थित मतदाताओं को अरेबिक, बंगाली, चीनी, फ्रेंच, हैतिअन क्रिओल, हिन्दी, कोरियाई, पोलिश, पंजाबी, रूसी और ऊर्दू में भी यह भेजते हैं।

**आपके मतपत्र पर मौजूद उम्मीदवारों के बारे में जानने के लिए hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

न्यूयॉर्क शहर 2023 प्राथमिक चुनाव मतदाता मार्गदर्शिका। कॉपीराइट © 2023 न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड सर्वाधिकार सुरक्षित डिज़ाइन करने वाले बेलवेदर एजेन्सी यूएसए में निर्मित

## चुनाव बोर्ड से संपर्क करें

चुनाव बोर्ड हमारे चुनावों का संचालन करता है और रजिस्टर्ड मतदाताओं का डेटाबेस रखना, जनमत लेना स्थलों की देखरेख करना, मतपत्र मतगणना करना और चुनाव के परिणाम की रिपोर्ट करना इसका दायित्व है। आप न्यूयॉर्क शहर चुनाव बोर्ड के पास अपना मतदाता रजिस्ट्रेशन अपडेट कर सकते हैं, अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं, चुनाव कर्मी या अनुवादक बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं और भी बहुत कुछ कर सकते हैं।

### प्रचालन के नियमित घंटे

सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे, सोमवार से शुक्रवार और चुनाव का दिन से पहले के वीकएंड पर और चुनाव का दिन। प्रचालन के घंटों के लिए **vote.nyc** जाँचें।

866-VOTE-NYC (श्रवणबाधित व्यक्तियों के लिए टीटीवाय 212-487-5496)

**और जानने के लिए vote.nyc पर जाएं।**

| | पता | फोन नंबर |
|---|---|---|
| **सामान्य कार्यालय** | 32-42 Broadway, 7th Floor<br>New York, NY 10004 | 212-487-5400 |
| **ब्राँक्स** | 1780 Grand Concourse, 5th Floor<br>Bronx, NY 10457 | |
| **ब्रुकलिन** | 345 Adams Street, 4th Floor<br>Brooklyn, NY 11201 | |
| **मैनहेटन** | 200 Varick Street, 10th Floor<br>New York, NY 10014 | |
| **क्वीन्स** | 118-35 Queens Boulevard, 11th Floor<br>Forest Hills, NY 11375 | |
| **स्टेटन आईलैंड** | 1 Edgewater Plaza, 4th Floor<br>Staten Island, NY 10305 | |